## एक नजर

### आवासों को लिंटल लेवल तक पहुंचाने कमिश्नर ने दिये निर्देश



**भिलाई-चरौदा,22 जून।** नगर निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय में गुरुवार दिनांक 20 जून को प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) की समीक्षा निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा की गयी। वर्तमान में फाउंडेशन लेवल से लिंटल लेवल तक 299 आवासों को पहुंचाए जाने का लक्ष्य पूर्ण किये जाने संबंधी निर्देश सभी कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों को निगम कमिश्नर द्वारा प्रदान किये गये है।उल्लेखनीय है कि समय-समय पर वरिष्ट कार्यालय से योजना के संबंध में प्राप्त मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार यह कार्यवाही की जा रही है। योजना के नोडल अधिकारी सह कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे के साथ कार्यरत एजेंसी डीडीएफ कंसलटेंट से सुब्रतो भट्टाचार्य, निकेश ताम्रकार, नूतनपुरी गोस्वामी, सौरभ मिश्रा, केन्द्र शर्मा, जया पमनानी समेत सभी सर्वेयर उपस्थित रहे।

### भिलाई-चरौदा निगम के 8 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**भिलाई-चरौदा, 22 जून।** नगर निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय सभागार में बुधवार दिनांक 19 जून 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले 08 कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में निगम महापौर निर्मल कोसरे, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, निगम कमिश्नर डी एस राजपूत के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन शामिल हुये। समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों जिसमें सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती द्रोपती साहू, जोसफ-सफाई कामगार, केदार वर्मा-चौकीदार, संतराम बारले-पाईपलाईन मेन, भुलउ राम-सफाई कामगार, मनीराम साहू-मेंशन, कमल किशोर-सफाई कामगार को साल एवं श्रीफल भेंट कर निगम महापौर निर्मल कोसरे एवं कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने सम्मानित किया। कर्मचारी संघ की ओर से कार्यक्रम का संचालन राम अवतार साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन निगम कार्यपालन अभियंता सुनील जैन के द्वारा किया गया। निगम परिवार के ओर से सहायक अभियंता डी.के.पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता वैभव त्यागी, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरुणिमा दुबे, स्थापना प्रभारी श्रीमती तारणी वर्मा, श्रीमती कल्याणी शर्मा,संपदा प्रभारी राजू वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती सरोजनी यदु, यशंवत ठाकुर, सुखनंदन यादव, कृष्णा यादव, मुकेश यादव, संतोष सोनी, विकास त्रिपाठी, पंकज तिवारी, नरसिंग सपहा, श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव, सुरेश नासरे, रामनिवास पाल, श्रीमती टी कामेश्वरी, पुरानिक साहू कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

### आयुष्मान भारत योजना का कार्य शीघ्र पूरा करने निगम कमिश्नर ने दिये निर्देश

**भिलाई-चरौदा,22 जून।** नगर निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में गुरुवार दिनांक 20-06-2024 को आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने उपस्थित विभागीय कर्मचारियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-03 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरौदा के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना से संबंधित सभी कार्य प्राथमिकता से समय सीमा में पूर्ण किये जावे। उल्लेखनीय है कि भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में कुल 10 हजार आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण किया जाना है। जिसमें 3267 कार्ड वितरित किये जा चुके है जबकि 6733 कार्डो के वितरण की कार्यवाही की जानी है।निगम कमिश्नर श्री राजपूत द्वारा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर एवं उप अभियंता विक्टर वर्मा को इस संबंध में त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, उप अभियंता विक्टर वर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-03 से स्वास्थ्य सुपरवाईजर मोहम्मद असलम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरौदा से सीपीएम विवेक मिंज, एमपीडब्ल्यू यशवंत साहू, स्वास्थ्य सुपरवाईजर रेणु विश्वास मौजूद रहे।

### अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ निगम आयुक्त सख्त, कार्रवाई के निर्देश

**भिलाई, 22 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पुराने अवैध होर्डिंग निकालने की कार्यवाही किया जा रहा है। मानसून के आगमन को देखते हुए सभी पुराने होर्डिंग का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है। तेज आंधी तूफान में होर्डिंग गिरने से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वर्षा ऋतु का आगमन हो गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे, मकान के ऊपर एवं चौक चौराहों पर जितने भी होर्डिंग लगाया गया है, उसका स्थल पर जाकर निरीक्षण करें। इस बात का ध्यान रखा जाए कि जो पुराने होर्डिंग, कमजोर हो गये हैं, उसे तत्काल हटाया जावे। अवैध होर्डिंग पर कार्यवाही की जावे। इसी तारतम्य में नगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे है। सनद रहे की तेज हवाओ के चलते कमजोर होर्डिंग या नियम के विपरित लगे होर्डिंग उड़कर सड़को पर गिर जाते है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निगम आयुक्त ने आम नागरिको से अपील की है कि कहीं भी सड़कों पर लगे पुराने होर्डिंग दिखाई दे तो तत्काल निगम के जोन कार्यालय में सूचित करें।

# योग न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह पूरे विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश भी देता है: देवांगन



**कवर्धा, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान के डोम में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल्यचित्र में दीप प्रज्ज्वलित के साथ किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने निर्धारित समय 6.30 बजे से योगासन के सभी आसन, कपालभारती, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प आदि का अभ्यास कराया। जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय, जनपद पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन किया गया।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ऋषि मुनियों ने आदिकाल से योग को बहुत बड़ा महत्व दिया है। पूर्व में जब चिकित्सा की सुविधा नहीं थी तब योग के माध्यम से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहे इसके लिए कार्य किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर विशेष स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पहल करके 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करवाया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि योग न केवल शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह पूरे विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश भी देता है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया है ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य और सुखमय जीवन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि योग, जो प्राचीन भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, शरीर और मन को संतुलित करने के लिए आसनों, प्राणायाम और ध्यान का समन्वय करता है। अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर, दुनियाभर में योग सत्रों, कार्यशालाओं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों लोग भाग लेते हैं।जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित जिले के गणमान्य नागरिकों ने किया योगा अभ्यास पीजी कॉलेज मैदान के डोम में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, श्री मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट , कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रणी दिनेश चंद्रवशी, उपाध्यक्ष श्री बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी , नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, रामबिलास चंद्रवंशी, पार्षद रिंकेश वैष्णव, मनिराम साहू, खिलेश्वर साहू, सुनील दोशी, सनत साहू, रघुनाथ योगी, श्री अजय ठाकुर सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, समाज कल्याण विभाग एवं जिला आयुर्वेद विभाग सहित जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों ने योगा अभ्यास किया।

### शासकीय नेउरगांवकला स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कवर्धा, 22 जून।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन सुबह सुबह 21 जून को शासकीय नेउरगांवकला स्कूल में टीचर्स और बच्चो ने योगा कर अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया ।



टीचर्स ने बच्चो को बताया की नियमित योग करना चाहिए क्योंकि योग करने से शरीर और मन हमेशा स्वस्थ रहता है । योग के पश्चात बच्चो को टीचर्स ने चॉकलेट वितरित की ओर चॉकलेट पाकर बच्चे खुश दिखे ।

# विधायक देवेंद्र और मेयर नीरज पहुंचे ट्रैफिक पार्क,निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश



**भिलाई, 22 जून।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को महापौर नीरज पाल के साथ ट्रैफिक पार्क में चल रहे निर्माण का जायजा लेने पहुंचे। जहां उन्होंने सिविक सेंटर के सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कहा कि, सिविक सेंटर शहर का हृदय स्थल और लोगों के आकर्षण का केंद्र है। उसके अनुरूप ही सिविक सेंटर एरिया का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। क्षेत्र के समुचित विकास के लिए चरणबद्ध पार्किंग, पाथवे, ट्रैफिक पार्क, और स्मार्ट रोड निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

विधायक ने अधिकारियों को निर्माणाधीन ट्रैफिक पार्क के अंदर पाथवे, ट्रैफिक सिग्नल का डेमो, साइनबोर्ड और लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने कहा। ताकि यहां आने वाले लोगों को यातायात नियमों के बारे में सही जानकारी मिले। वहीं महापौर पाल ने प्लेग्राउंड एरिया और स्मार्ट रोड के शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वही आर्किटेक्ट ने विधायक और महापौर को स्मार्ट रोड और ट्रैफिक पार्क के डेवलपमेंट प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बता दें कि सिविक सेंटर में पार्किंग और पानी निकासी की समस्या थी । इस वजह से बारिश में रोड पर पानी जमा हो जाती थी। इसके समाधान के खाली पड़ी जगह का सीमेंटीकरण कर पार्किंग एरिया बनाया गया है और रोशनी के हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था की गई है ताकि व्यापारियों और यहां आने वाले लोगों को गाड़ियां खड़ी करने के लिए सुरक्षित जगह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके बाद अर्जुन रथ का जीर्णोद्धार कराया गया। अब 1 करोड़ 45 लाख की लागत से ट्रैफिक पार्क का सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है जहां, पाथवे, चिल्ड्रन प्लेग्राउंड एरिया लाइटिंग, ट्रैफिक सिग्नल अन्य कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सब इंजीनियर श्वेता वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### विश्व योग दिवस मनाया



**जामुल, 22 जून।** विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका प्रशासन जामुल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामुल प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधिगण सामाजिक बुदीजीवीगण, शिक्षक, शिक्षिकाये सहित विभिन्न वर्गो के लोगो ने बडी संख्या में योग किया। योग गुरू संतोष चैरसिया द्वारा योग करने के लाभ के बारे में व्याख्यान किया, इसके साथ ही उपस्थित जनो का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया । साथ ही माननीय उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के वाचन का एल.ई.डी. प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदण खम्हन ठाकुर, चुम्मन वर्मा, सबीहा करीम खान, तिलेश्वर देवांगन सहित विशेश्वर वर्मा, लल्लन सिंह, उमेन्द्र वर्मा, प्रकाश सिंह इाकुर, पवन उमरे, मधुसुदन हिरवानी, अमरनाथ देवांगन, रमेश ठाकुर, हेमन्त कुमार दानी, राविलास पटेल, करीम खान, गायत्री निषाद, आरती पटेल, अरूण यादव सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपअभियंता सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ सराफा एसो. के चुनाव को लेकर भिलाई में गहमागहमी

**भिलाई, 22 जून।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर ज्वेलरी व्यवसाइयों में गहमा गहमी का माहौल है। 23 जून रविवार को राजधानी रायपुर में होने वाले इस चुनाव में छत्तीसगढ़ सराफा एकता पैनल एवं जय सराफा पैनल के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों ही पैनलों के प्रत्याशियों एवम उनके समर्थकों ने वोट देने वाले सदस्यों के यहाँ जाकर समर्थन मांग रहे हैं। कुछ वोटरों ने बताया कि दोनों दी पैनलों में दमदार प्रत्याशियों को उतारा गया है इसलिए चुनाव में किसे वोट दें इसका फैसला करना बड़ा मुश्किल होगा। लिहाजा वोटरों ने अपनी-अपनी राय जाहिर की है। विकास और बदलाव को लेकर चुनाव मैदान में आने वाले छत्तीसगढ़ सराफा एकता पैनल में अध्यक्ष के लिए बिलासपुर के कमल सोनी, महासचिव के लिए रायपुर के प्रकाश गोलछा एवं कोषाध्यक्ष के लिए राजनांदगांव के हर्षवर्धन जैन को मैदान में उतारा गया है, वहीं जय सराफा पैनल की ओर से दुर्ग के प्रकाश सांखला को अध्यक्ष, रायपुर के उत्तम गोलछा को महासचिव और रायपुर के सुरेश भंसाली को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने भेजा गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन में राज्य की कुल 91 सराफा एसोसिएशन हिस्सा लेंगी जिनमे कुल मिलाकर 273 सदस्य प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव में भिलाई-दुर्ग के सराफा व्यापारियों के महत्त्वपूर्ण भागेदारी रहेगी। जय सराफा पैनल ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है तो एकता पैनल ने भी अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। सदस्यों को मतदान के लिए अपना परिचय पत्र और सराफा का लेटर हेड लाना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए सालभर से विवाद चल रहा था। कुछ लोगों ने कानूनी कार्यवाही की चेतावनी भी दे रखी थी।

### रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कवर्धा, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में कार्यक्रमों की धूम रही। हर साल की तरह इस बार भी विद्यालय में जोश एवं उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया गया। योग दिवस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने ॐ एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया। योग दिवस पर छात्रों एवं शिक्षकों के लिए 1:30 घंटे का योग का अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों को योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया, प्रथमतः सूक्ष्म व्यायाम, यौगिक जॉगिंग, प्रणायाम और अंत में विभिन्न आसनों के द्वारा योग मुद्राएँ भी कराई। बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जो व्यक्ति द्वारा स्वयं की जाती है। यह न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से बल्कि चारित्रिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करती है। योग हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है।

### जनता की सेवा के लिए संजीवनी का काम करेगा निशुल्क एंबुलेंस सेवा :सीताराम साहू



**कवर्धा, 22 जून।** भाजपा मंडल इंदौरी में भावना जनसेवा द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रारंभ किया गया ,इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीताराम साहू जी ने कहा माननीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी का यह प्रयास क्षेत्र की जनता के लिए संजीवनी का काम करेगा ,इस अवसर पर इंदौरी के मंडल अध्यक्ष नीलांबर चंद्राकर जी,विपीन तिवारी (मंडल महामंत्री),विजय चंद्राकर/कृष्णा साहू(भाजयुमो महामंत्री),संजय निषाद(जिला संयोजक आईटी सेल),अनिल चंद्रवंशी,सभी बूथ अध्यक्ष ,इंदल धृतलहरे (मंडल उपाध्यक्ष),कन्हैया चंद्रवंशी,मनोहर सिन्हा,प्रताप रजक,संतोष आडले,सहित भाजपा के बिहारी साहू,रोहित मेरावी ,बलराम साहू,भरत साहू, पुरुषोत्तम साहू, विधा गोश्वमी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ मन-स्वच्छ शहर के उद्देश्य को लेकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के बैकुण्ठधाम अम्बेडकर भवन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें इस बार का थीम स्वच्छ मन स्वच्छ शहर पर आधारित था। इसमें निकाय स्तर पर स्वच्छता दीदीयों, स्वच्छता कमांडो एवं समस्त सफाई कर्मचारियो को शामिल किया गया। सैकड़ो लोगो की उपस्थिति में योग का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आर्ट ऑफ लिविगं संस्था से अंतराष्ट्रीय योग शिक्षक लिंका बुक ऑफ रिकार्ड से सम्मानित धीरज शर्मा अपनी टीम के साथ बालोद से आये। आकर योग के विभिन्न बारिकीयो को समझाते हुए योग सिखाया। प्रमुख रूप से ताड़ासन, नटराज आसन, भूजंग आसन, धनु आसन, अर्धसलभ आसन, पूर्णसलभ आसन, पदमासन, भ्रस्त्रिका प्राणायाम, भ्रमणी प्रणायाम, कपाल भारती, अनोम विलोम, आदि आसनो के बाद ध्यान करवाये। साथ ही जगत कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गई।कार्यक्रम में उपस्थित वैशाली नगर विद्यायक रिकेश सेन ने योग करने के बाद उन्होने कहा शरीर और मन तरो ताजा हो गया है मैं एकदम फ्रेस महसूस कर रहा हूँ। जब हम योग नियमित करेंगे तो अवस्य निरोग रहेगे। यह हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर है, जिसमें सभी प्रकार के रोगो का निदान है, हमे करना चाहिए। कार्यक्रम के साथ ही उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव कोरबा से लाईव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उनके द्वारा स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता कर्मचारियो एवं आम नागरिको के लिए संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्रजापिता ब्रम्हकुमारी से आशा दीदी, आर्ट आफ लिविंग संस्था से भक्ति, दिनेश के साथ सदस्यगण, जोन अध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मंडलो के अध्यक्ष, कार्यकर्ता, समाजसेवी, एनडीआरएफ का दल, सेना एवं पुलिस फोर्स हेतु प्रशिक्षक मुकेश चैहान अपने सदस्यो के साथ, क्रिकेट, फूटबाल, बालीवाल, बाक्सिंग के खिलाड़ी, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, जोन आयुक्त येशा लहरे, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, स्वच्छता कर्मचारी, सरिया जी का मिशन के शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर ष श के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्युत पोल में आग, शिव सैनिक गुप्ता की सूझबूझ से टला हादसा



**भिलाई, 22 जून।** नंदिनी रोड संजना मोबाइल के सामने डिवाइडर में लगे पोल नंबर 32 में लगे स्विच बोर्ड में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। वायर जलने के बाद ही आग बुझी। जगह जगह-जगह वायर लटका हुआ है। पोल मे लगे चाइना झालर लाइट की तार कई जगह कटे टूटे हैं उसमें करंट दौड़ रही है। बरसात के समय चिंगारी दिखाई पड़ती है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिव सैनिक राजू गुप्ता ने बृहस्पतिवार की रात 10 बजे पोल में आग दिखने पर तुरंत बिजली विभाग में सूचना दिया। कुछ ही देर बाद बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन को काटा गया। जगह-जगह खंबो में वायरों का जाल बिछा हुआ है। कई वाहनों से टकराने पर कई पोल झुक गए हैं। कई बार शिकायत की गई समस्या जस की तस नगर निगम से तत्काल स्ट्रीट लाइट को सुधारने की मांग की।

# समता मूलक शिक्षा देने शिक्षकों को विशेष प्रयास करना चाहिए: बीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,22 जून।** शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में निपुण भारत मिशन अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान (स्नस्ह)के निर्धारित लक्ष्य 2026-27 के पूर्व 2025 में ही पूरा करने विकास खण्ड पाटन शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलागें ने कवायद शुरू कर दिया है। विकास खण्ड में चल रहे स्नस्ह प्रशिक्षण अंतर्गत जोन पाटन व जाम गांव आर में राज्य स्त्रोत व्यक्ति सुशील कुमार सूर्यवंशी के साथ शामिल होकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण सम्बंधित जानकारी को क्वीज व एनालिटिकल प्रश्नो के माध्यम से जांचकर, शिक्षकों को पुरस्कृत किए। जिससे शिक्षक प्रसन्न होकर प्रभावित होते हुए शिक्षा अधिकारी के हर प्रश्नो पर अपना सहभागिता दिए। प्रशिक्षण अंतर्गत व्यवस्थागत चर्चा के साथ कंटेंट डिलिवर कैसे किया जा रहा है पर विस्तार से चर्चा मास्टर ट्रेनर रुपेश कुमार साहू एवं टिकेश्वर गजपाल से करते हुए बेहतर व्यवस्था के लिए दोनों को बधाई दिए।

### वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई, 22 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है आरोपितों से चोरी की कुल छह गाड़ियां जब्त की गई हैं इनकी कुल कीमत दो लाख 40 हजार रुपये आकी गई है पूछताछ में पता चला है कि आरोपितों ने सुपेला के साथ ही स्मृति नगर और मोहन नगर थाना क्षेत्र से भी वाहन चोरी की है आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि वाहन चोरी के मामले में न्यू कृष्णा नगर सुपेला निवासी सूरज साव (25 साल ) और राजेश यादव (46 साल ) को गिरफ्तार किया गया है आरोपितों ने सुपेला मार्केट, श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज जुनवानी और दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास से कुल छह गाड़ियां चोरी की थीं दोनों आरोपित चोरी की गाड़ियों को कम कीमत पर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे आरोपितों ने सुपेला के एक युवक से कम कीमत पर गाड़ी बेचने की बात भी की थी मुखबिर से पुलिस को इसकी जानकारी मिली और दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया

एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रेल कर्मचारियों ने किया योग



**राजनांदगांव 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रेल्वे सामुदायिक भवन डोंगरगढ़ में, विश्वनाथ यादव, (रिटायर्ड स्टेशन मास्टर) श्रीमती गुलशन खांडेकर की अगुवाई में रेल्वे के आर.पी.एफ., इंजीनियरिंग, मेडिकल,ऑपरेटिंग, एस ×टी, टी.आर. डी., विधुत/सामान्य/ एवं रेल्वे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अधिक संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया इसमे मुख्यता श्री देवेंद्र साखरे(वेलफेयर इंस्पेक्टर) व्यवस्थापक श्री एस.वेंकट स्वामी (चन्नी)(सचिव रेल्वे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़) के द्वारा किया गया।

### खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृध्दि कर किसानों को दिया बड़ा तोहफा

**डोंगरगढ़ 22 जून।** खरीफ की बुवाई के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता



प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने इस फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में धान फसल के साथ ही 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। किसानों की आय दोगुनी करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए केंद्र सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। श्री द्विवेदी ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024द्ध 25 में धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 117 रुपया प्रति क्विंटल की दर से वृद्धि करने पर अब सामान्य धान 2300 रुपए एवं पतला धान ( ग्रेड ए) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2320 रुपए किया गया है। इसी प्रकार अरहर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे ज्यादा वृद्धि की गई है। अरहर में 550 रुपए प्रति कुंतल की दर से वृध्दि करते हुए अब 7550 रुपए अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। इसी प्रकार अन्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। इस प्रकार देश के करोड़ों किसानों को मोदी सरकार खरीफ़ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर सशक्त कर रही है ।यह बताना लाजिमी होगा कि 2013-14 में जब कांग्रेस की सरकार थी ,उस समय धान सामान्य का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1310 रुपए था आज 2024द्ध25 में ?2300 हो गया। धान ग्रेड ए का ?1345 था आज? 2320 रुपया हो गया । ज्वार हाइब्रिड का ?1500 था ?3371 रुपए है।

### चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में योग दिवस का सफल आयोजन

**रायपुर. 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. लेकेश्वर प्रसाद साहू ने विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित होकर पूर्व निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार योग अभ्यास कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और योग किया। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. अरविन्द नेरल ने छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में बताया और कहा कि इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य संतुलित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से शरीर की फिजियोलॉजी में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे अनेक बीमारियों की रोकथाम हो सकती है। चिकित्सा छात्र होने के नाते यदि वे योग के चिकित्सकीय लाभों की जानकारी जनसामान्य को देंगे तो यह अधिक कारगर होगा और लोग इसे अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी अधिष्ठाता ने डॉ. लेकेश्वर प्रसाद साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सुमीत त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी विभाग के निर्देशन में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके नेतृत्व में एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को योग का अभ्यास कराया जाता है, जो एन.एम.सी. के नवीन पाठ्यक्रम में एक आवश्यक प्रक्रिया के रूप में शामिल है। योग मेडिकल ऑफिसर डॉ. लेकेश्वर प्रसाद साहू ने जानकारी दी कि योग के आठ अंग यानि प्रकार होते हैं, इन्हें अष्टांग योग कहते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पी. के. खोडियार, डॉ. कमलेश जैन, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ. कुशल चक्रवर्ती, खेल अधिकारी सुधीर राजपाल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित थे।

### रायपुर के युवा ने बनाई स्पोर्ट्स टीम



**रायपुर 22 जून।** टीमवर्क और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए, रायपुर के रहने वाले इशाक विक्टर के नेतृत्व में टीम मोगर्स ने सुपरगेमिंग द्वारा आयोजित इंडस इन्फर्नो स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में जीत हासिल की। टीम ने न केवल रु.2.5 लाख की विजेता राशि जीती बल्कि चैंपियन ट्रॉफी भी अपने नाम की। भारत के विभिन्न शहरों से आए खिलाड़ी इस टीम में शामिल थे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रतिभा और समन्वय का प्रदर्शन किया। कप्तान इशाक विक्टर के साथ टीम में अहमदाबाद के सार्थक रामी, कानपुर के भौमिक जायसवाल और चंडीगढ़ के जसवंत रावत शामिल थे। उनके बेहतरीन खेल ने न केवल उनके शहरों को गौरवांवित किया बल्कि भारत में स्पोर्ट्स खेल में उनकी बढ़ती प्रतिभा को भी उजागर किया। इशाक विक्टर, टीम मोगर्स के कप्तान ने कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं: संतोष पाण्डेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उमंग एवं उल्लास के माहौल में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण बसंतपुर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सांसद श्री संतोष पाण्डेय शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। एक विश्व एक स्वास्थ्य एवं हर घर आंगन योग की थीम पर बड़ी संख्या में बच्चों एवं नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश सभी दिशा में विश्व गुरू की ओर बढ़ रहा है। दुनिया की निगाह शांति के लिए भारत की ओर है। योग विश्व के लिए भारत की देन है। मानव कल्याण के लिए भारत के ऋषि-मुनि एवं तपस्वियों ने दिशा दी है। स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। निरोग रहने के लिए शरीर ही माध्यम है। मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने सभी को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग करने हेतु संकल्प दिलाया।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि योग न केवल तन को बल्कि मन को भी शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है। योग को अपने जीवन शैली में शामिल करें और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि अनावश्यक चिन्ता एवं तनाव से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि योग से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि योग को सिर्फ आज एक दिन तक सीमित न रखें। प्रतिदिन समय निकालकर योग अवश्य करें। स्वस्थ रहने के लिए योग महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम को अपने जीवन में अपनाते हुए सर्वे भवंतु सुखिनः का संदेश दिया गया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि योग शरीर को तथा प्राणायाम मन एवं बुद्धि को मजबूत बनाते हैं। योग अंतर्गत शिथलीकरण की प्रक्रिया, कड़ी संचालन, गर्दन के लिए योगाभ्यास सिखाया गया। जो सर्वाइकल स्पांडिलाइटिस की बीमारी के लिए फायदेमंद है। नागरिकों को वृक्षासन कराया गया। वृक्षासन मानसिक तनाव दूर करने में उपयोगी है। वृक्षासन से शरीर का संतुलन बना रहता है। वृक्ष की तरह प्रणाम की मुद्रा में आसन करना होता है। त्रिकोणासन कराया गया। साथ ही यह जानकारी दी गई की यह मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। भद्रासन से पैरों की मांसपेशियां तथा घुटने मजबूत बनते हैं।

# नगर पंचायत के वार्ड 3 में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में बाधा

■ वार्डवासियों ने किया व्यवस्था में जल्द सुधार करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 22 जून।** नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 में वर्तमान समय में पेयजल व्यवस्था गड़बड़ा चुका है । लगभग आठ माह पहले भूमिगत नये पाईप लाइन से घरों का कनेक्शन जोड़ा गया एवं कहा गया कि नये पाईप लाइन कनेक्शन से ज्यादा फोर्स से पानी सप्लाई होगा, लेकिन इसके विपरित पानी का फोर्स एकदम से कम हो गया है। नगर पंचायत के पेयजल प्रभारियों से सम्पर्क करने पर कुछ दिनों में पानी के सप्लाई का फोर्स बढ़ जाने की बात कहा जाता रहा है लेकिन इसमें आज तक कोई सुधार नहीं हुआ है। इसके पूर्व पुराने पाईप लाइन कनेक्शन से ज्यादा फोर्स से एवं पर्याप्त समय तक पेयजल का सप्लाई होता था,यहाँ तक कि घरों के प्रथम मंजिल तक पानी चढ़ जाया करता था परन्तु अब आलम यह है कि नये पाईप लाइन कनेक्शन से जमीन पर रखी गयी तीन फ़ीट की पानी टंकी पर नहीं चढ़ पाता, यह नगर पंचायत नगरी के नागरिकों के लिए लाभदायी नहीं है। पहले पेयजल सप्लाई का समय प्रातः 6 बजे से 7.30 तक सप्लाई होता था एवं अब 6.20 से 7.20 तक ही सप्लाई हो रहा है । आज की स्थिति यह है कि आज प्रातः 6.30 बजे पानी चालू हुआ और 6.50 को बंद हो गया, इस संबंध में फोन से सम्पर्क करने पर आपरेटरों के जानने की बात कहा गया,अब आम जानता को पेयजल के लिए पानी के लिए भटकना पड़ रहा है । पेयजल का पैसा पुरा वसूला जाता है एवं पेयजल सप्लाई के फोर्स एवं समय में कोताही बरती जा रही है,आवेदन देने पर भी पानी सप्लाई के फोर्स में सुधार नहीं हुआ है। जागरूक वार्ड वासियों ने मांग किए हैं कि पेयजल की सप्लाई पर्याप्त एवं निर्धारित समय तक पूरे फोर्स के आपूर्ति किया जावे।

# अवैध रूप से डंप रेत पर एसडीएम की कार्रवाई को ग्रामीणों ने सराहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 22 जून।** जिले की आराध्य नगरी डोंगरगढ़ के जनपद पंचायत ग्राम मुड़पार में एस डी एम उमेश पटेल अनुविभागीय अधिकारी ने अवैध उत्खनन कर डंप करने वालो के ऊपर ताबड़तोड़ की गई कार्यवाही से अवैध रेत खनन करने वाले माफियाओ में मची अफरा तफ़री रेत माफियाओं के द्वारा अवैध रेत का उतख्खन कर सड़क किनारे बड़े पैमाने में डंप रेत रखी गई थी जैसे ही एसडीएम व राजस्व टीम के द्वारा अवैध डंप रेत पर कार्यवाही की गई तो ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है गांव के ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि लगातार अवैध रूप से नदी से नाले से जो रेट निकल जा रही है उसके चलते गांव में पानी की समस्या पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है मुड़पार में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा डोंगरगढ़ एसडीएम गिरीश रामटेके को जोगी कांग्रेस के राजनेता नवीन अग्रवाल के द्वारा प्रदर्शन कर मुड़पार में पानी की समस्या को दूर करने के लिए ज्ञापन सोपा गया था। ग्रामीणों से बात करने पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ऐसी कार्यवाही लगातार कर इस प्रकार के अवैध काम करने वाले लोगो के ऊपर कार्यवाही होते रहना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार नदी नालों से रेत की निकासी का काम चल रहा है उससे मुड़पार में पेयजल की समस्या आगामी कुछ वर्षों से देखने को मिल रही है यदि इस प्रकार के अवैध उतख्खन को डोंगरगढ एसडीएम के द्वारा रोका जा रहा है तो यह कार्य सराहनीय है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि ऐसे एसडीएम को डोंगरगढ में होना ही डोंगरगढ विकासखण्ड के निवासियों के लिए सौभाग्य की बात है जो पूरी ईमानदारी से निर्भय होकर अवैध उतख्खन करने वालो पर कार्यवाही कर रहे है ऐसी कार्यवाही न तो आज तक किसी एसडीएम ना तो किसी तहसीलदार ना ही माइनिंग विभाग के अधिकारियों के द्वारा की गई है जो वर्तमान एसडीएम के द्वारा लगातार की जा रही ऐसी कार्यवाही सदा सराहनीय है और अवैध रेत उतख्खन करने वालो को याद भी रहेगी।

# बेलरगोंदी में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संचालनालय आयुर्वेद योग प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना अनुसार, जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक- 17-06-2024 से 21-06-2024 तक पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षक द्वारा योग कराया गया। इस शिविर का शुभारंभ में भगवान धन्वंतरि का तैल्य चित्र का पूजा अर्चना कर ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच महोदया श्रीमती रामशिला सोनबोईर, जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर, गांव के गणमान्य नागरिक आलोक मिश्रा, श्री विष्णु दास साहू, श्री गिरधर वर्मा, श्री सुनील गुप्ता,श्री प्रभात साहू,श्री चतुर राम साहू, श्री वीरेंद्र सोनी, श्री गोपी सोनी, श्री खिलावन निषाद,श्री छगन लाल पोर्ते (सचिव,), श्री पुरुषोत्तम



लाल मोटघरे( प्राचार्य),श्री महेंद्र साहू , श्री पुराणिक राम देवांगन, श्री ठाकुर सर, स्कूल शाला परिवार के स्टाफ डॉ अनिरुद्ध पटेल (शिविर प्रभारी) श्री छगन राम वर्मा ( योग प्रशिक्षक)आदि के द्वारा पूजा अर्चना कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शिविर का शुभारंभ किया गया। योग शिविर में 225 लोग योग से लाभान्वित हुए। ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल रहा।

# छुरिया में मना दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 22 जून।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस छुरिया के सामुदायिक भवन में जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी ,पतंजलि योग समिति के सदस्य सहित नगर के गण मान्य नागरिक दसवां विश्व योगाभ्यास की कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योग क्रिया।

योगाचार्य शिक्षक एसएल सेन ने विभिन्न योगाभ्यास के माध्यम से सुबह 7ः00 बजे से 8ः30 बजे तक योग करवाया ,साथ ही योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ कैसे रहे इस पर भी उन्होंने काफी अच्छा चर्चा किया। छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी सीएम अरुण साव के लाइव टेलीकास्ट सभी योगाभ्यास कर रहे हैं अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकों ने सुना। योगाभ्यास के पश्चात जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने अपने उद्बोधन में सभी को विश्व योग दिवस की बधाई दिया एवं अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करने की अपील की वहीं सीमा सिन्हा नगर पंचायत अध्यक्ष ने विश्व योग दिवस पर अपने विचार व्यक्त की ।जनपद पंचायत के उमेश भंडारी सहायक विकास विस्तार अधिकारी सभी का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर में जनपद पंचायत के सीईओ नारायण बंजारा, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, पार्षद द्रोपती उईके , टेमन साहू,पतंजलि योग समिति से रोहित सिन्हा ,हारून मानिकपुरी , टामेश्वरी वर्मा ,योगेंद्र वर्मा ,प्रीति गुप्ता , स्वच्छता बहनों एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे ।

■ दुगली से मेघा मार्ग में आ रही बाधा को दूर कर जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग

# भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मगरलोड 22 जून।** भाजपा नेता टीआर कंवर के नेतृत्व में भाजपा मंडल मगरलोड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में व्याप्त अनेक समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मगरलोड तहसील में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय की स्थापना,मेघा मोहदी सिंगपुर दुगली के स्वीकृत मार्ग जो फारेस्ट क्लीयरेंस के चलते रुके हुए कार्य को तत्काल क्लियर कराकर कार्य प्रारंभ कराने एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना से निर्मित जर्जर हो चुके मगरलोड पठार सरईरूख सिंगपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की मांग की गई, सिंगपुर में पुलिस चौकी खुलवाने, ग्राम खिसोरा में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल खोलने एवं खिसोरा में दस बिस्तर अस्पताल की मांग, ग्राम केकराखोली प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क में पुलिया निर्माण, ग्राम पठार में पुलिया निर्माण सहित,नगर पंचायत मंगरलोड में बड़े झाड़ जंगल के नाम पर कई हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास रोका गया है, जबकि ये हितग्राही नगर पंचायत में वर्षों से निवासरत हैं और टेक्स पटा रहे हैं उनको विद्युत एवं नल कनेक्शन दिया गया है।इसी में से कुछ हितग्राहियों का मकान बनकर तैयार हो चुका है। अतः सभी हितग्राहियों के मकान बनाने के लिए उचित कार्यवाही की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में व्याप्त अनेक समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। इस दौरान जिला भाजपा के मंत्री एवं मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा,जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, भाजपा मंडल मंगरलोड के अध्यक्ष विजय यादव,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीखम सेन,सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव,परसवानी के सरपंच झनेंद्र साहू, लेखराम साहू परसवानी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 22 जून।** पीड़िता की मां ने दिनांक 27.04.2024 को थाना आकर आवेदन दी, जिसमें उसके नाबालिग लड़की का दिमागी हालत ठीक नहीं है उसका ईलाज देवादा अस्पताल में चल रहा है तथा वहीं की दवाई खिला रहे हैं, इसी माह नवरात्रि में जब उसकी लड़की का पेट बढ़ने लगा तथा पेट में दर्द होने की बात बताने पर उसे पास के गांव में लगे मेडिकल कैंप लेजाकर चेकअप कराने पर पेट में बच्चे होने व उसके पेट का सोनोग्राफी कराने डाक्टर द्वारा बोलने पर प्रार्थिया ने पीड़िता को पेट में बच्चा के संबंध में पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताया कि माह अक्टूबर 2023 में अपनी दीदी के साथ खेत धान काटने गई थी तभी आरोपीगण सौरभ कंवर एवम् डोमन कंवर मोटर साइकिल से खेत के पास आए और पीड़िता को उसके खेत के मेड से उसके मुंह को दबाकर एक मोटर साइकिल में जबरन बैठाकर पास के पहाड़ी में लेजाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किये और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिए थे, उसके बाद भी अलग अलग दिनांक में भी जबरन बलात्कार किए जाने की बात बताई। पीड़िता के पेट का राजनांदगांव में सोनोग्राफी कराये, पेट में दर्द बढ़ जाने से राजनांदगांव के जय तुलसी अस्पताल में भर्ती कराए तो वहां के डॉक्टर के द्वारा चेकअप करने पर बच्चा खराब हो जाना व पीड़िता की उम्र कम होने के कारण मां नहीं बन सकती, पेट खाली करना पड़ेगा डॉक्टर द्वारा बोलने पर प्रार्थिया व प्रार्थिया के पति की सहमति से दिनांक 23.04.2024 को पीड़िता का डाक्टर के द्वारा गर्भपात करना, आरोपियान सौरभ कंवर व डोमन कंवर के द्वारा पीड़िता का बलात्कार किए जाने की रिपोर्ट पर थाना में आरोपियों के विरूद्ध अप क्रमांक 31/2024 धारा 363, 366(क), 376 (घ),506 भा द वि एवम 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयान 01 - सौरभ उर्फ भूरू कंवर पिता पंचूराम उम्र 20 वर्ष एवम् 02 डोमन कंवर पिता चैतराम कंवर उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बेलरगोंदी थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव को दिनांक 28.04.2024 को विधिवत आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। मामले में अग्रिम विवेचना दौरान पीड़िता के गर्भ के बच्चे को गर्भपात कराने वाले जय तुलसी अस्पताल के डॉक्टर श्रीमती विजयश्री जैन पति अमोलक कुमार जैन उम्र 47 एवम् अस्पताल के संचालक अमोलक कुमार जैन पिता स्व. मोतीलाल सिंघी उम्र 50 दोनों निवासी वार्ड नंबर 43 बसंतपुर, महेश नगर चौक थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के द्वारा नाबालिग पीड़िता पर घटित घटना की सूचना स्थानीय पुलिस/विशेष किशोर पुलिस यूनिट में नहीं देने जो धारा 19(1)/21(1) पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर मामले में धारा 19(1)/21(1) पाक्सो एक्ट जोड़कर आरोपियान डॉक्टर श्रीमती विजयश्री जैन एवम् अस्पताल के संचालक अमोलक कुमार जैन को आज दिनांक 20.06.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ़्तारी की सूचना देते हुए मामले में अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है।

### अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्टे पर की गई कार्रवाई



**डोंगरगढ़ 22 जून।** डोंगरगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामरी में कांग्रेस के पूर्व उपसरपंच टिकेंद्र सिन्हा के घर में अवैध रूप से डंप रेत की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसको संज्ञान में लेते हुवे डोंगरगढ राजस्व अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार पटेल अपनी राजस्व की टीम व पुलिस बल के साथ कार्यवाही करने पहुंचे थे जिसमें टिकेंद्र सिन्हा को खबर मिलते ही अपने घर की बाड़ी में ताला लगाकर फरार होने की पुष्टि सामने आ रही है घर में उपस्थित सदस्यों से बाड़ी के गेट में लगे ताले की चाबी मांगी गई तो घर के सदस्यों द्वारा घर की बाड़ी के गेट में ताला लगाकर कही काम से जाने की बात बताई गई टिकेंद्र सिन्हा के घर में नही होने के कारण अपने अधिकरी के साथ राजस्व की टीम टिकेंद्र सिन्हा के अवैध रूप से सरकारी जगह में चल रहे ईट भट्टे पर कार्यवाही के लिए पहुंचे जहां पर 3 से 4 ईंट के भट्टे सरकारी जगह पर लगाए गए हैं जिसमें भारी मात्रा में लकड़िया रेत , भारी मात्रा में मिट्टी और लगभग 1 से 2 लाख लाल ईट जप्ती की कार्यवाही की गई है साथ ही अवैध परिवहन के लिए ट्रैक्टर भी जगह से जप्त की गई है ।। ग्रामीणों से बात करने पर पता चला की टिकेंद्र सिन्हा छुरिया में कांग्रेस की पूर्व जनपद अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा के छोटे भाई हैं जिसके द्वारा लगभग पिछले 5 सालों से अवैध लाल ईट का उपार्जन और अवैध रेत उत्खनन का कार्य लम्बे समय से भारी मात्रा में किया जा रहा है एक तरफ कांग्रेस पार्टी के लोग कलेक्टर व थाना निरीक्षक को राजस्व अनुविभागीय अधिकारी उमेश पटेल के खिलाफ अवैध डंप रेत को चोरी छुपे बेचने की शिकायत पर कार्यवाही करने के नाम से ज्ञापन सौंपा जाता है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के ग्राम जामरी के पूर्व उपसरपंच टिकेंद्र सिन्हा व ग्राम छुरिया से कांग्रेस की जनपद अध्यक्ष के भाई के द्वारा बड़ी तादाद में अवैध रूप से ईट भट्टे का संचालन किया जा रहा है साथ ही घर में अवैध रूप से रेत का संग्रहन की खबर भी सामने आ रही है । अवैध रेत की जप्ती के डर से बाडी के गेट में ताला लगाकर फरार होने की भी खबर सामने आ रही है एसडीएम द्वारा मोबाइल फोन से सम्पर्क करने पर फोन स्विच ऑफ आया।

### 6 माह पूर्व ट्रेन से कटकट हुई थी अज्ञात व्यक्ति की मौत, अब तक नहीं हुई पहचान

**डोंगरगढ़ 22 जून।** 21 नवम्बर 2023 को पनियाजोब के 931/08/-10 के पास एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से गिरने से मृत्यु हो गई थी। किन्तु अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है ना ही इनके किसी परिजन ने अब तक थाना डोंगरगढ़ में संपर्क किया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है और उसकी ऊंचाई 5 फिट 7 इंच, रंग गोरा, सफेद चेकदार शर्ट एवं काला टीशर्ट पहना हुआ है। जिस किसी को भी इनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वो थाना डोंगरगढ़ के 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय राजनांदगांव के 07744226399 में सूचना दे सकते है।

## संपादकीय

# पेपर लीक नहीं होना चाहिए, पर होता रहता है

एक होती है आदर्श स्थिति और एक होनी है व्यवहारिक स्थिति। हम सब सैध्दांतिक तौर पर चाहते हैं कि राज्य में देश में आदर्श स्थिति होनी चाहिए पर होती नहीं है। होती है व्यवहारिक स्थिति। पेपर लीक मामले में आदर्श स्थिति यह है कि पेपर लीक तो नहीं होना चाहिए। यह बुरी बात है, यह तो अपराध है।इससे तो छात्रों को परेशानी होती है। सरकार का पैसा बरबाद होता है। परीक्षा देने वाले साल भर पढ़ाई करते हैं और परीक्षा के पहले पता चलता है कि पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई है यानी अब बाद में परीक्षा होगी। युवाओं को बाद में फिर से परीक्षा की तैयारी करनी पड़ती है। सरकार को फिर से पेपर तैयार करवाना पड़ता है । इसमें और पैसा लगता है। यानी एक बार पेपर लीक हुआ तो युवाओं का समय नष्ट होता है और सरकार का पैसा बरबाद होता है। देश व राज्य में पेपर लीक पर राजनीति भी खूब होती है।पेपर लीक के लिए सरकार को दौषी ठहाराया जाता है। कहा जाता है कि सरकार इसे रोक नहीं पा रही है। यह सच है कि पेपर लीक न होने देना सरकार की जिम्मेंदारी है।यह भी सच है कि राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार पेपर लीक होने से रोक नहीं पा रही है। सरकार आदर्श स्थिति बना नहीं पा रही है और परिणाम यह है कि व्यवहारिक स्थिति यह है कि पेपर लीक होता रहता है। कभी किसी राज्य में होता है तो कभी किसी राज्य में होता है। इसे समझने की जरूरत है कि पेपर लीक क्यों हो रहे हैं। पेपर लीक अब पहले से ज्यादा क्यों हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि देश में बेरोजगारी बहुत है. बेरोजगारों की संख्या बहुत है। पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या हर साल बढ़ जाती है। उस हिसाब से सरकारी नौकरी की संख्या बढ़ नहीं रही है। यानी सरकार नौकरी की मांग बहुत ज्यादा है और पदों की संख्या कम है। हर कोई सरकारी नौकरी पाना चाहता है, हर सरकारी नौकरी के लिए आजकल परीक्षा होती है। परीक्षा में टाप करने वालों को ही सरकारी नौकरी मिलती है। समस्या है कि जितने लोग सरकारी नौकरी के लिए परीक्षा देते हैं उनमें पढ़कर टाप करने वाले तो सभी नहीं होते हैं। जो जातने है कि वह पढ़कर तो प्रतयोगी परीक्षा में टाप नहीं कर सकते। पर सरकारी नौकरी तो उनको भी चाहिए। वह पढ़ नहीं सकते लेकिन पैसा पास में होने के कारण वह परीक्षा के पहले पेपर खरीदने की तैयारी करते हैं। कुछ लोग परीक्षा देने के लिए पढ़ाई करते है तो कुछ लोग पेपर खरीदने की तैयारी करते है ताकि परीक्षा के पहले पेपर मिल जाए तो वह कुछ ही दिनों में तैयारी कर लें। यही कुछ ही दिन पढाई करने वाले पेपर लीक करवाते है या पेपर लीक करने वाले इन्हीं के लिए पेपर लीक करते हैं। वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षा देने वालों की संख्या बढ़ गई है, इसी के साथ परीक्षा में सफल होने की चाह रखन वालों की संख्या भी बढ़ गई है, इसलए परीक्षा से पहले पेपर की मांग भी बढ़ जाती है। इसी मांग को देखते हुए पेपर लीक करने वाले पेपर लीक करवाने के लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं और बहुत पैसा कमाते भी हैं। पेपर की बहुत डिमांट है,इसलिए लीक भी कराया जाता है। परीक्षा पूरे देश में होती है, परीक्षा के लिए पेपर तो परीक्षा के पहले ही भेजा जाता है। पेपर लीक कराने वालों को पता रहता है कि पेपर कब,कहां और कैसे लीक कराया जाता है, वह बहुत सारा पैसा देकर पेपर लीक कर देते हैं। जिस काम में भी बहुत पैसा होता है, वहां कमाने वाले भी होते हैं और पैसा बहुत ज्यादा होता है तो आदमी सही गलत कुछ नहीं देकता है, वह यही देखता है कि पैसा कैसे आ सकता है। पैसा कैसे आ रहा है। सच यह है कि कुछ लोगों को परीक्षा के पहले पेपर चाहिए तो कुछ लोग उन्हें लाकर दे रहे हैं। कोई पेपर मांग रहा है, इसलिए कोई लाकर दे रहा है। बदले में एक पैसा दे रहा है तो एक पैसा ले रहा है। जब तक पैसा देने वाले हैं,पेपर लीक होता रहेगा। सरकार पेपर लीक रोकने और कड़े कानून बना सकती है लेकिन कानून बनने से अपराध रुकते कहां है। हर तरह के अपराध को रोकने के लिए कानून तो बना हुआ है लेकिन अपराध रुकते कहां है। खासकर ऐसे अपराध जिसमं बहुत पैसा है।



बौद्धिक संपदा

मनोज कुमार अग्रवाल

# सांस्कृतिक बौद्धिक विरासत की पहचान बनेगा नालंदा विश्वविद्यालय




हमारी संस्कृति पर कितना सुनियोजित तरीके से विदेशी आक्रान्ताओं ने सांप्रदायिक उन्माद के चलते नष्ट भ्रष्ट करने की कोशिश की नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर आज भी इस बर्बादी के गवाह हैं। लेकिन अब समय बदल रहा है 800 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत की विरासत और दुनिया के पुराने यूनिवर्सिटी नालंदा विश्वविद्यालय का कायाकल्प हो चुका है। नालंदा विश्वविद्यालय अपने नए स्वरुप में उभरकर सामने आया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1600 साल पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन 19 जून को किया है। बता दें, नालंदा विश्वविद्यालय का 1600 साल पुराना इतिहास रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय तब से है जब ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे यूनिवर्सिटी अस्तित्व में भी नहीं आए थे।

नालंदा यूनिवर्सिटी का निर्माण गुप्त काल में किया 5वीं सदी में किया गया था। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी।नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विशिवद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था।

यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषय का गहन अध्ययन कराया जाता था। कहा जाता है कि नालंदा यूनिवर्सिटी में जिन विषयों को पढ़ाया जाता था, उन विषयों के बारे में दुनिया के अन्य किसी विश्वविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जाता था। इस विश्वविद्यालय को लेकर कई कहानिया कही जाती है। इनमें से एक ये है कि जब बख्तियार खिल्जी बीमार पड़ा था तो उसने यहीं पर अपना इलाज कराया था, लेकिन उसे अपने राज्य के नीम हकीम के नाकाम होने और एक हिन्दू वैध के कामयाब होने पर द्वेष भाव पैदा हुआ और उसने अपने लाव लश्कर के साथ इस विश्व शिक्षा केंद्र पर हमला कर दिया और पूरी यूनिवर्सिटी में आग लगा दी। महीनों तक यूनिवर्सिटी जलती रही।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बता दें, नालंदा यूनिवर्सिटी दुनिया के पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय का खास इतिहास रहा है।नालंदा विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रीज से 600 साल पुराना है। यहां ऐसे विषयों को पढ़ाया जाता है, जो दुनिया में अन्य कहीं नहीं पढ़ाया जाता था। भारत की ये धरोहर बख्तियार खिलजी के भेंट चढ़ गई। इस यूनिवर्सिटी में करीब 300 से ज्यादा कमरें थे। इसके अलावा 7 बड़े-बड़े हॉल भी थे। यहां की लाइब्रेरी सबसे खास थी। कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी नौ मंजिल की थी, जिसका नाम धमर्गूंज था। 5वीं सदी में गुप्त काल के शासक सम्राट गुप्त प्रथम ने 5वीं सदी में इसका निर्माण कराया था। हालांकि, 12वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने इसके पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। खिलजी ने इस विश्व विद्यालय में आग लगवा दी। यहां की लाइब्रेरी में इतनी किताबें थी कि तीन महीने तक ये जलता रहा। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी। 20 देशों से स्टूडेंट्स पढ़ने आते थे। यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर,



थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषयों का गहन अध्ययन कराया जाता था। इस वजह से करीब 20 देशों के स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। करीब 10 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। आर्यभट्ट ने नालंदा विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया था। यहां के विद्वान और सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसर चीन, कोरिया, जापान, इंडोनेशिया और श्रीलंका जैसे देशों में बौद्ध शिक्षाओं और दर्शन के प्रचार के लिए भेजे जाते थे। यहां की लाइब्रेरी में 90 लाख से ज्यादा हस्तलिखित, ताड़-पत्र पांडुलिपियां थी।

नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विशिवद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था। विश्वविद्यालय में 6 रिसर्च सेंटर हैं जिनमें बौद्ध अध्ययन, दर्शन और तुलनात्मक धर्म स्कूल; ऐतिहासिक अध्ययन स्कूल; पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन स्कूल; और सतत विकास और प्रबंधन स्कूल शामिल हैं।प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन) तथा प्लास्टर, पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, ₹यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया जाएगा। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना पांचवीं शताब्दी में हुई थी जहां दुनियाभर से छात्र अध्ययन के लिए आते थे। विशेषज्ञों के अनुसार, 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले यह प्राचीन विश्वविद्यालय 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।नए विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के साथ एक अस्थायी स्थान से काम करना शुरू किया। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ। भारत के अलावा इस विश्वविद्यालय में जिन 17 अन्य देशों की भागीदारी है उनमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, पुतर्गाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण मील का पत्थर साबित होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को कोई बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद भी कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। सेहत को लेकर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी लम्बी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको आज काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप कोई नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है। घर में खुशियां बनी रहेंगी। आज शत्रु पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कोई कविता लोगों को काफी पसंद आएगी। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। आपको किसी जरूरी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा, आपका बिगड़ता काम बन जायेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा। स्टूडेंट आज कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है। काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों का दिन राहत से भरा रहेगा। बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं।

कन्या राशिः आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। छात्र अपने करियर के लिए किसी सीनियर से सलाह ले सकते हैं, सही सलाह आपके करियर को किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचा सकती है। आज आपको काम में मुनाफा मिलेगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। कठिन विषयों को समझने के लिए अपने सिनीयर की मदद लेंगे। आज आप घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद भी ले सकते हैं रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन जीवन में। किसी नयी खुशी का संकेत लाएगा। जीवनसाथी कोई बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे। माता-पिता से भविष्य की योजना के बारे में विचार विमर्श कर सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे। लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की कोई बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता बनी रहेगी। नए कामों को करने में भाग्य आपका पूरा साथ देगा। छात्रों के लिए आज का दिन उनके अनुकूल रहेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है। पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको कोई खास सलाह भी दे सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। दूसरों के सामने अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं। लोग आपकी बातों को इम्पोर्टेंस देंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रसाशनिक कार्यों में आज आपको सफलता मिलेगी।

## व्यंग्य

# चौथे माले की चाय

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एनईईटी परीक्षा का नाम सुनते ही एक शानदार नाटक का दृश्य आंखों के सामने आ जाता है। ये नाटक नहीं, बल्कि एक महाभारत है, जिसमें हर पात्र अपनी जगह पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परीक्षा का उद्देश्य है डॉक्टर बनना, पर इसमें डाकुओं की तरह नकल करने वालों का भी हिस्सा है। मेहनत करने वाले बेचारे कौरवों की तरह नक्कलचियों के सामने हार मान लेते हैं।



ग्रेस अंकों का नाटक ग्रेस अंकों की कहानी भी किसी टीवी सीरियल के ट्विस्ट से कम नहीं है। मानो परीक्षार्थियों की मेहनत पर एक तमाचा मारते हुए ये अंक उनके माथे पर लगते हैं। ₹मेहनत करने वाले तो बेवकूफ होते हैं,₹ ऐसा नारा लगाने वाले लोग शायद नहीं जानते कि असली 'ग्रेस' तो नकल के बहादुरों में होती है। जिनकी किस्मत अच्छी हो, वे ही ग्रेस अंकों के नाटक में अव्वल आते हैं। मेहनत की क्या जरूरत, जब चाय पीते-पीते ग्रेस अंक मिल जाएं। नकल का रोमांच एनईईटी परीक्षा की नकल के बारे में पूछना, मानो मुहावरों में चाय की पत्ती डालना हो। परीक्षा से पहले की रात को परीक्षार्थी नकल के सुपरहीरो बनने के सपने देखते हैं। इंटरनेट से लेकर कोचिंग सेंटर तक, हर जगह नकल के नए-नए तरीके ढूंढे जाते हैं। आखिर, मेहनत क्यों करें जब नकल करके टॉप किया जा सकता है? परीक्षा हॉल में नकल करते समय दिल की धड़कनें बढ़ जाती हैं, जैसे किसी एक्शन फिल्म का क्लाइमेक्स हो। एनटीए और चौथे माले की चाय जो लोग नीट परीक्षा की चोरी के बारे में पूछते हैं, उन्हें एनटीए के चौथे माले पर चाय पीने के लिए बुलाया जाता है। एनटीए के अधिकारी, जो चाय की प्याली में सुकून ढूंढते हैं, नकल के सवाल सुनते ही मुस्कुरा देते हैं। वे सोचते हैं, ₹ये बेचारे भी क्या समझेंगे, मेहनत और नकल का फर्क।₹ चौथे माले की चाय, जहां नकलचियों के राज खुलेआम बताये जाते हैं, मेहनत करने वालों के लिए सिर्फ एक सपना बनकर रह जाती है। मेहनत और बेवकूफी मेहनत करने वाले तो बेवकूफ होते हैं, यही तो परीक्षा का असली मंत्र है। जो रात-रात भर जागकर पढ़ाई करते हैं, वे समझते नहीं कि मेहनत का फल सिर्फ किताबों में ही मीठा होता है। असल जिंदगी में, नकल करने वाले ही असली हीरो होते हैं। मेहनत की चक्की में पिसने वाले ये समझ नहीं पाते कि परीक्षा बेवकूफों के लिए नहीं, बल्कि नकलचियों के लिए है। व्यंग्य का पंच इस व्यंग्य में एक ही पंचलाइन हैः मेहनत का फल बेशक मीठा हो, पर नकल का स्वाद चौथे माले की चाय से भी ज्यादा लाजवाब होता है। इसलिए, मेहनत करने वालों को चाहिए कि वे भी इस नाटक का हिस्सा बनें और नकल के गुर सीखें। आखिर, जब तक नकल का खेल चलता रहेगा, मेहनत की किताबें सिर्फ अलमारियों में सजी रहेंगी। तो दोस्तों, अगली बार जब आप एनईईटी परीक्षा के बारे में सोचें, तो मेहनत और नकल के इस महाभारत को जरूर याद रखें। क्योंकि, मेहनत करने वाले तो बेवकूफ होते हैं, और असली खिलाड़ी तो वही हैं जो नकल के खेल में माहिर होते हैं।

आतंकवाद

ललित गर्ग

# फिर आतंकी हमले, कायम हो शांति का उजाला



यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है।

इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।

मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।



तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति ह्यकश्मीरह्न पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूबों को ढेर करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत

## एक नजर

### बस्तर आर्ट गैलरी की दुकानों के आबंटन के लिए 27 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित

**जगदलपुर 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल, आसना, जगदलपुर के अंतर्गत दलपत सागर के समीप स्थित बस्तर आर्ट गैलरी के परिसर में 02 नग दुकान, 01 नग कैफे, 03 नग हॉल व 02 नग रूम को बाजार दर के आधार पर बंद लिफाफा पद्धति द्वारा प्रतियोगी दर पर 11 महिने के लिए आंबटन किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट ण्ऐंजंतण्हवअण्पद पर उपलब्ध है। निविदा में भाग लेने हेतु प्रस्तावक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना, जगदलपुर में 27 जून 2024 तक सुबह 10.30 से शाम 05 बजे तक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी, बादल आसना, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) में निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

### ग्रामसभा का आयोजन 24 से

**उत्तर बस्तर कांकेर, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून से 29 जून 2024 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें, एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा व मुनादी कराएं।

### शासकीय दृष्टि व श्रवणबाधित विद्यालय आड़ावाल में प्रवेश प्रारंभ

**जगदलपुर 22 जनू(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाजकल्याण विभाग द्वारा जिले के अंतर्गत संचालित शासकीय दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय आड़ावाल में दृष्टि बाधित वर्ग के लिये कक्षा पहली से कक्षा 10 वीं तक और श्रवण बाधित वर्ग के लिये कक्षा पहली से कक्षा 8 वीं तक की शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध है। इसमें शिक्षा सत्र 2024-25 तक के लिये प्रवेश प्रारंभ है। विद्यालय से 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर निवासरत छात्र-छात्राओं के लिये निःशुल्क छात्रावास सहित भोजन, गणवेश एवं पठन-पाठन सामग्री की सुविधा उपलब्ध है। वहीं दूरस्थ ईलाके के दिव्यांग दृष्टि एवं श्रवण बाधित बालकों हेतु छात्रावास की सुविधा सुलभ है। जगदलपुर में निवासरत छात्र-छात्राओं को आड़ावाल विद्यालय तक लाने व वापस पहुंचाने हेतु बस सुविधा है। इस विद्यालय में अपने बच्चों के प्रवेश के लिए इच्छुक अभिभावक बच्चे से सम्बंधित जन्म प्रमाण पत्र, चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूआईडीएआई सहित तहसीलदार द्वारा जारी जाति,आय एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता सम्बन्धी बैंक पासबुक की छायाप्रति,आधार कार्ड, 10 पासपोर्ट साईज फोटो, छात्र-छात्राओं का ब्लड ग्रुप जांच पर्ची आदि आवश्यक अभिलेखों के साथ कार्यालय दिवस व कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 93021-29002 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### दावा-आपत्ति 2 जुलाई तक

**सुकमा, 22 जून।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुकमा जिला सुकमा के द्वारा मिशन यात्सल्य योजना अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति का भवन निर्माण हेतु नगर सुकमा, पटवारी हल्का नम्बर 13/सुकमा, स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 464/1 रकबा 0.250 हेक्टेयर मे से रकबा 0.064 हेक्टेयर/0.16 एकड़ भूमि को आबंटित हस्तांतरण किये जाने हेतु चयनित एवं प्रस्तावित किया गया है। तत संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से 02 जुलाई 2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

# वर्षों से काबिज गरीब के निर्माणाधीन आशियाने पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- **बिना नोटिस के गरीब के मकान को तोड़ना कई सवाल खड़े करता है**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर 22 जून।** नारायणपुर नगर पालिका के सिंगोड़ी तराई वार्ड में आज एक गरीब के आशियाने पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला और निर्माणाधीन मकान धराशाई हो गया । एक और जहा देश के प्रधानमंत्री सभी गरीबी को पक्के आशियाना देने की बात कह रहे है वही एक गरीब परिवार सुखमती नाग पति प्यारेलाल नाग द्वारा मिट्टी के मकान के जगह पर पक्का मकान बनाया जा रहा था जिसे आज जिला प्रशासन का अमला बिना सूचना के मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन मकान को जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ दिया । पीड़ित सुखमति नाग ने बताया कि उसका परिवार सिंगोड़ी तराई के तेंदूपत्ता गोदाम के सामने लगभग 40 सालो से निवास कर रहा है । रोजी मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का भरणपोषण करके अपना परिवार चला रहे है । समय समय पर नगर पालिका का टैक्स , जलकर और बिजली बिल भी पटाया जा रहा है । कच्चे मकान में सालो से रहते हुए मकान काफी जर्जर हो गया था तो थोड़े पैसे जमा करके आधा कच्चे मकान को तोड़कर पक्का मकान बनाने की तैयारी शुरू किए इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे और मकान बनाने से पूर्व मकान बनाने के लिए उनके बोलने के बाद पक्का मकान बनाना शुरू किए और मकान चौखट लेवल तक बन गया था आज दोपहर को अचानक जिला प्रशासन का अमला पहुंचा और निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया । तोड़ने से पूर्व किसी भी प्रकार की सूचना प्रशासन द्वारा हमको नहीं दी गई , जब नगर पालिका के कर्मचारी आकार हमको बनाने बोले तो हम गरीब पक्के मकान बनाने की हिम्मत किए । हमारी पूरी जमा पूंजी और उधारी में समान लाकर बना रहे थे अब सर पर सामना की उधारी के साथ साथ जमा पूंजी डूबने का गम से आंसू रुक नही रहे है जब बड़े लोग नजूल जमीन पर निर्माण करते है तो उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती और जब कोई गरीब अपना आशियाना बनाता है तो प्रशासन बुलडोजर चलाकर तोड़ देता है । वही इस पूरे मामले पर तहसीलदार से फोन पर संपर्क साधने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई । बिना किसी सूचना , बिना नोटिस के अचनक की गई कार्यवाही कई सवाल खड़े करता नजर आ रहा है ।



# एनएमडीसी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हैदराबाद 22 जून।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' के अनुसरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया । देशभर में फैली सभी परियोजनाओं में 500 से ज्यादा कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया, जो कि एनएमडीसी परिवार और उसके बाहर सुस्वास्थ्य, कल्याण और सद्भाव को बढाबा देने के एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है । हैदराबाद में एनएमडीसी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमाणित प्रशिक्षक की देख-रेख में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योगासन किया । ऐसे ही सत्र देश भर में फैली एनएमडीसी की महत्वपूर्ण खनन परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित किए गए, जिसमें अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई । इस अवसर पर बोलते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, योग प्राचीन भारत की एक अमूल्य भेंट है । यह तन और मन, विचार और कार्यकलाप को जोड़ता है, और प्रकृति और मनुष्य के बीच समरसता कायम करता है । योग केवल व्यायाम नहीं है, यह स्वयं को एवं आस- पास की दुनिया से एकाकार होने में मदद करती है । एनएमडीसी में हम विश्वास करते हैं कि एक स्वस्थ कार्यबल उत्पादक कार्यबल होता है, और आज का समारोह इस सूत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है । एनएमडीसी निरंतर ही स्वस्थ कार्यस्थल बनाने में अग्रणी रहा है, नियमित रूप से अपने कर्मचारियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम और वर्कशॉप आयोजित करता आ रहा है । इस वर्ष के थीम को प्रोत्साहित करते हुए, एनएमडीसी ने स्वस्थ संस्कृति को बढाबा देने के लिए अपनी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए विविध इन्टरएक्टिव प्रतियोंगिताओं का आयोजन किया । सीआईएसएफ कार्मिकों से जुडने के लिए बड़ी प्रचालन इकाईओं में योग शिविर का आयोजन किया गया । कर्मचारियों में समरसता और संतुलन बनाए रखने के लिए एनएमडीसी नियमित रूप से अपने कार्पोरेट कार्यालय में योग सत्र का आयोजन करता है । 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन एनएमडीसी के स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे कि कर्मचारीगण और समुदाय एक संतुलित और संतुष्ट जीवन के लिए योग के फायदों को अपनाए ।



## 76763 कृषकों को 391 करोड़ केसीसी के माध्यम से ऋण

**जगदलपुर 22 जून।** कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा बैंकिंग गतिविधि एवं शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सतत समीक्षा और मार्गदर्शन की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी के कुशल नेतृत्व में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बैंक के वर्ग-1 अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक किसानों तक खरीफ ऋण, खाद-बीज उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। बैंक द्वारा खरीफ ऋण वितरण हेतु 800 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित कर 20 जून 2024 तक 76763 कृषकों को 391 करोड़ के.सी.सी. के माध्यम से ऋण वितरण किया जा रहा है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 49 प्रतिशत है। ऋण वितरण सतत जारी है निर्धारित समयावधि तक शतप्रतिशत ऋण वितरित का लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। ऋण वितरण में सुगंधित धान, उद्यानिकी फसल, उड़द, मूंग, मुंगफली, मक्का, कोदो-कुटकी, अरहर एवं रागी के लिए भी किसानों को कुल 8.37 लाख खरीफ ऋण दिया गया है। ऋण की कुल मांग 1229.80 करोड़ के विरूद्ध 945.10 करोड़ की वसूली हुई है, जो कुल मांग का 77 प्रतिशत है. गतवर्ष की तुलना में ऋण वितरण, ऋण वसूली, खाद-बीज वितरण, अमानत आदि सभी क्षेत्रों में बैंक में आशातीत प्रगति की है। प्राधिकृत अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सभी समितियों में किसानों को मांग अनुसार ऋण एवं कृषि आदान सामाग्रियों का वितरण करने के निर्देश अवकाश के दिनों में भी करने को कहा गया है। इसी प्रकार से प्रत्येक दिन खाद-बीज का परमिट जारी कर उसी दिन कृषकों को उपलब्ध कराने के निर्देश है। इसी तारतम्य में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों की सुविधाओं के लिए बस्तर संभाग के सातों जिलों में यूरिया का 41580 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 8400 मीट्रिक टन, डीएपी 24540 मीट्रिक टन, एनपीके 7440 मीट्रिक टन, पोटाश 5580 मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था।

# एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में योग दिवस का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 22 जून ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनएमडीसी की बचेली परियोजना में योग शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी. वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक, बचेली कॉम्प्लेक्स ने इस अवसर पर योगाभ्यास और स्वास्थ्य के प्रति सजग जीवनशैली को अपनाने हेतु सभी को प्रेरित किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस योग शिविर में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के सभी उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों ने योगाभ्सास किया। योग स्वस्थ जीवन हेतु अत?यंत आवश?यक है, योग के द्वारा मानव शारिरिक एवं मानसिक रूप से शक्तिशाली बनता है। इसिलिए दैनिक जीवन में योगाभ्यास के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर बचेली वर्क्स परियोजना प्रमुख श्री रबिंद्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक, श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), विभिन्न विभागाध्यक्षगण एवं श्रमिक संघों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




## राशन कार्डों के नवीनीकरण, वितरण व पुराने कार्ड जमा कराने की तिथि 30 जून तक

**जगदलपुर 22 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डों के नवीनीकरण तथा नवीनीकृत राशन कार्डों के वितरण एवं पुराने राशन कार्ड जमा कराने की कार्यवाही को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश जारी किए है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आयुक्त नगर निगम, समस्त जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बस्तर और खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिले में प्रचलित 204698 राशन कार्डों में से 194113 राशनकार्डों का नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा 10585 राशनकार्डों का नवीनीकरण करने की कार्यवाही जारी है। नवीनीकरण हेतु शेष राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही 30 जून 2024 तक पूर्ण कराने के के लिए- सभी नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्ड धारियों की दुकानवार सूची सभी उचित मूल्य दुकान संचालको को उपलब्ध कराई जा चुकी है। ग्रामध्वार्ड में समस्त राशनकार्डधारी हितग्राहियों के मध्य मुनादी, पाम्पलेट आदि के माध्यम से सूचना प्रसारित की जा रही है ताकि वे 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से अपने राशनकार्ड के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा लें। नवीनीकरण हेतु शेष राशनकार्डधारी अपनी राशनकार्ड का नवीनीकरण स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से अथवा उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर करा सकते है। ग्रामपंचायत-वार्ड स्तर पर उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं- ग्राम सचिवों के माध्यम से अभियान चला कर शेष राशनकार्डधारियों के राशन कार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाई जानी है ।नवीनीकरण हेतु शेष राशनकार्डधारियों की दुकानवार सूची में से ऐसे राशनकार्डधारी जिनकी मृत्यु हो चुकी है एवं परिवार में अन्य सदस्य नहीं है,उनकी सूची तैयार कर खाद्य विभाग के कार्यालय को उपलब्ध करायी जानी है ताकि इनके नाम राशनकार्ड से विलोपित करने की कार्यवाही की जा सके। नवीनीकरण की कार्यवाही में आगामी एक सप्ताह के भीतर वांछित प्रगति नहीं प्राप्त होने की स्थिति में खाद्य विभाग द्वारा संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 15 का उल्लंघन मानते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### बस्तर सांसद महेश कश्यप ने गीदम में शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**गीदम, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बस्तर सांसद महेश कश्यप गुरुवार को गीदम पहुंचे यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की । बस्तर सांसद के साथ-साथ बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय व भाजपा नेता श्रीनिवास मद्दी भी यहाँ पहुंचे । यहां उन्होंने भाजपा नेता मनीष सुराणा व व्यापारी संघ अध्यक्ष रजनीश सुराणा के घर पहुंचे और उनकी दिवंगत माता स्व राधा बाई सुराना को श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके पश्चात हारम में भाजपा नेता दीपक बाजपाई के घर में भी उनकी दादी स्व गंगा देवी बाजपाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया । इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे ।

### वन मंत्री ने 12 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**जगदलपुर 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत मांदलापाल, सिवनी एवं सोनारपाल में विधायक निधि सहित अन्य मद से स्वीकृत विकास कार्यों में 10 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 12 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजनका लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई सरकार के गठन के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सांय सांय काम कर रही है। सरकार 3100 रूपये में क्विंटल दर से धान खरीदी कर रही है,तेंदूपत्ता 5500 रुपये मानक बोरा में खरीदी रही और बोनस अलग से दिया जा रहा है । इसके अलावा महतारी वंदन योजना का लाभ माताओं बहनों को मिल रहा है।सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वन मंत्री श्री कश्यप ने मांदलापाल में 03 पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण और कोदई मातागुड़ी निर्माण हेतु लगभग 31 लाख 50 हजार रूपए राशि के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसके उपरांत ग्राम सिवनी में 07 करोड़ 62 लाख 21 हजार रूपए की लागत से एनीकट तटरक्षक निर्माण, मातागुड़ी रोड़ में पुल निर्माण व रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही सोनारपाल में 03 करोड़ 04 लाख 07 हजार रूपए की लागत से पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के अन्तर्गत सामग्रियों का वितरण किया गया।

### स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी : महेश कश्यप



**सुकमा, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज ज्ञानोदय भवन आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सुकमा में आयोजित दशम योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि 21 जून वह दिवस है, इस दिन भारतीय संस्कृति की पहल को पूरे दुनिया ने अंगीकार किया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा प्रतिवर्ष आगे बढ़ते रहे। वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हमारे यहां पुरातन काल से चली आ रही है। हम सभी का जीवन, हमारा स्वभाव और कार्य-व्यवहार सभी में सबके लिए सुख, शांति, प्रेम और सद्भावना का हो और हमारा जीवन सबके कल्याण और सुख-शांति की कामना करते हुए जीवन को आगे बढ़ाते जाएं। उन्होने कहा कि योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। सदियों से स्वस्थ तन-मन के लिए योगाभ्यास किया जा रहा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। स्वस्थ तन-मन के लिए योग की सभी क्रियाओं को जीवन में उतारें। उन्होनें कहा कि हमारे देश ने पूरे विश्व में योग का प्रचार-प्रसार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, योग इसका उदाहरण है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने संबोधन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस स्तर से रोग बढ़ रहे हैं, उसमें योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

# भाजपा नेता सोयम मूका के खिलाफ पत्रकार संघ ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 22 जून।** प्रदेश में सरकार बदलते ही भाजपा नेताओं के सुर भी बदलने लगे हैं. 6 माह के भीतर ही नेताओं को सत्ता का घमंड सिर चढ़कर बोलने लगा है. यही कारण है कि नक्सल इलाकों में जन समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने वाले पत्रकारों के खिलाफ अब भाजपा नेता खुलकर धमकी देने लगे हैं इतना ही नहीं नक्सल समर्थक और विकास विरोधी बोलने से भी नहीं चूक रहे हैं.

सुकमा जिले में विस्तार न्यूज़ के रिपोर्टर को भाजपा नेता द्वारा फोन पर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है. जिसके बाद जिले के समस्त पत्रकार भाजपा नेता के व्यवहार से भारी नाराज हैं. फोन पर धमकी से आहत पत्रकारों ने गुरूवार को कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में बैठक आयोजित कर भाजपा नेता सोयम मूका के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया. साथ ही सुकमा पत्रकार संघ ने सर्व सहमति से भाजपा नेता की शिकायत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे सुकमा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत करने का फैसला लिया है.दरअसल, कोंटा इलाके में गोलापल्ली में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. उक्त सड़क निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना अनुमति के सैकड़ों पेड़ों की कटाई की गई. गोपनीय शिकायत के बाद वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर एक हाईवा और जेसीबी मशीनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई. उक्त मामले के प्रकाश में आने के बाद स्थानीय पत्रकारों ने वन विभाग की कार्रवाई को प्रमुखता से प्रकाशित किया. विस्तार न्यूज के रिपोर्टर शहनवाज खान ने भी खबर को अपने टीवी में प्रकाशित किया. यह खबर भाजपा नेता सोयम मूका को इतना नागवार गुजरा की उन्होंने सीधे पत्रकार शहनवाज खान को फोन कर धमकी दे दी. उन्होंने पत्रकार से कहा कि बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सली सड़क, पुल-पुलिए का विरोध करते आ रहे हैं. ऐसी खबर प्रकाशित कर आप नक्ससियों का समर्थन कर रहे हैं. एक तरह से आप लोग नक्सलियों के समर्थक हैं. इसके अलावा भाजपा नेता सोयम मूका ने पत्रकार के निजी जीवन पर भी अशोभनीय टिप्पणी की है. साथ ही भविष्य में ऐसी खबरे प्रकाशित करने पर देख लेने की धमकी दे डाली.

भाजपा नेता की धमकी के बाद सुकमा पत्रकार संघ ने इसे पत्रकारों के स्वतंत्रता पर दबाव डालने का आरोप लगाया है. जिला अध्यक्ष पीसा राजेन्द्र ने कहा कि नक्सल इलाकों में पत्रकार बिना किसी वेतन व मेहनताना के काम कर रहे हैं. ऐसे में पत्रकारों के स्वतंत्रता को खत्म करने का प्रयास सत्ता के नेताओं द्वारा किया जा रहा है. पत्रकार हर समस्या को निष्पक्षता से प्रशासन तक पहुंचाने का काम करता है. सरकारी आयोजनों को भी प्रमुखता से प्रकाशित करता है. जान जोखित में डालकर पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को नक्सली समर्थक कहना गलत है. वहीं सुकमा के पत्रकार सलीम शेख ने कहा कि एक तरफ सरकार के डिप्टी सीएम विजय शर्मा बस्तर में शांति बहाल करने के लिए बस्तर के पत्रकारों की मदद ले रही तो वहीं सत्ता से जुड़े भाजपा नेता पत्रकारों को नक्सली समर्थक कह रहे हैं. नक्सल इलाकों में काम करने वाले पत्रकारों के प्रति ऐसी सोच रखना आश्चर्यचकित करता है.



## अति संवेदनशील क्षेत्र का जिला मलेरिया सलाहकार ने किया निरीक्षण

**सुकमा 22 जून।** जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती राजेश्वरी एवं ब्लाक वीबीडीटीएस के साथ सेक्टर सुपर वायिजर मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान दशम चरण निरीक्षण हेतु पहुंच विहिन मलेरिया हेतु अति संवेदन शील क्षेत्र डब्बा भ्रमण किया गया है, डब्बा क्षेत्र कुल 2009 व्यक्तियों के मलेरिया जॉच जॉच किए उक्त जॉच में से 49 व्यक्तियों को मलेरिया पॉजिटिव निकला वहीं मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान प्रथम चरण 2019 मे कुल 2000 जॉच में से 415 व्यक्ती मलेरिया पीड़ित थे विगत वर्षों की तुलना में अति संवेदन शील क्षेत्र में मलेरिया बीमारी काफी कम हो चुकी है साथ में गोली खाने के लिए ग्रामीण खुद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं।



**एक नजर**

## जिला एवं तहसील न्यायालय में योग शिविर आयोजित



**रायगढ़, 22 जून।** छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन एवं श्री अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में प्रशिक्षित योग शिक्षक की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायालय एवं परिवार न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षकों द्वारा योग से होने वाले लाभ एवं उसके महत्व के बारे में समझाते हुये अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। इसी प्रकार तहसील न्यायालयों में भी योग दिवस के अवसर पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। योग शिविर आयोजन में समाज कल्याण विभाग रायगढ़ से श्री सिद्धान्त शंकर मोहन्ती के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय एवं तहसीलों को मिलाकर 355 अधिकारियों/कर्मचारियों/अधिवक्तागण सहित उपस्थित अन्य लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में श्री अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित योग शिक्षक श्री भवन अग्रवाल एवं श्री ब्रज किशोर सामल को योग शिविर के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

## निःशुल्क फोटो एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण 24 जून से, पंजीयन प्रारंभ

**रायगढ़, 22 जून।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 24 जून 2024 से 30 दिवसीय विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा हैं। जिसके लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवती एवं महिला/पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये मोबा.नं.8305158855 में संपर्क कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं। इस दौरान प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण अवधि में खाना, रुकना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा। व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

## रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प 25 जून को

**रायगढ़, 22 जून।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 25 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ में रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तीन निजी संस्थानों में रिक्त विभिन्न 52 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे.टीआरएन एनर्जी प्रा.लिमिटेड टेण्डा नवापारा रायगढ़ में सीनियर फीटर, फीटर, वेल्डर, सीनियर टेक्नीशियन, टेक्नीशियन, हेल्फर, सीनियर इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन एवं फील्ड ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

इसी तरह मे.सिंघल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज तरईमाल पो.गेरवानी रायगढ़ द्वारा ट्रेनी तथा मे.फेबोका मैटल्स प्रा.लिमि.गेरवानी रायगढ़ द्वारा क्वालिटी इंस्पेक्शन स्टोर, वेल्डर, फीटर एवं लैथ ऑपरेटर के पद शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बीजापुर के बैंडमिंटन हॉल में जिला स्तर पर सामुहिक योगाभ्यास का आयोजन



**बीजापुर 22 जून।** दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित बैंडमिंटल हॉल में सामुहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया।इस अवसर पर केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का हमें संकल्प लेना चाहिए और नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए कम से कम 1 घंटा का समय निकालकर सभी योग करें, योग के कई फायदें हैं जिसकी जानकारी हमें लोगों तक पहुंचानी है और योग के प्रति उनको जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हमने प्राचीन, सनातन संस्कृति धरोहर को संभाल कर रखा है। भारत में ही नहीं बल्कि हर देश में योग को अपनाया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीजापुर विधायक श्री विक्रम मंडावी ने कहा कि जीवन में निरोगी काया रखने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन को समय-समय पर ऐसा योगाभ्यास का आयोजन करते रहना चाहिए।इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन समर्थ दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में आयोजित किया गया जिसमें बीजापुर के 40 युवक एवं युवतियों ने प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया है उनको मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी पंचायतों एवं स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डीएफओ सामान्य वन मंडल श्री रामाकृष्णा रंगानाथा वाय, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन श्री वैभव बैंकर,श्री चंद्रकांत गर्वना, श्री निवास मुदलियार सहित जिले के अन्य अधिकारी-कमचारी एवं अन्य आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## एसडीएम ने की नियद नेल्लानार सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा

**बीजापुर 22 जून।** बीजापुर एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल ने जनपद पंचायत बीजापुर कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन वनाधिकार पट्टा तथा नियद नेल्लानार के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत सचिव,सरपंच तथा रोजगार सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त बैठक में सीईओ जनपद पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा सहित विकास खंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दीदी सदन निर्माण का किया भूमिपूजन

**रायगढ़, 22 जून।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में बिहान की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए बनने वाले दीदी सदन का भूमि पूजन किया। यह सदन बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाओं के ट्रेनिंग और मीटिंग व रिव्यू के लिए एक समर्पित केंद्र होगा।इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिला सदन की बहुप्रतीक्षित मांग शीघ्र पूरी होने जा रही है। रायगढ़ के लिए बनाए विकास पत्र में भी इस मांग को शामिल किया था। खुशी है कि आज भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से कहा कि भवन के शीघ्र निर्माण को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और कोशिश होगी कि निर्माण कार्यों के पूर्णता की तिथि भी पहले से निर्धारित करके चलें। उन्होंने कहा कि महिला सदन का निर्माण काम आगामी भाईदूज तक पूरा करेंगे। इस सदन का पूरा प्रबंधन महिलाओं के हाथों में होगा। ये उनका अपना केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही क्षेत्रीय क्लस्टर भवन निर्माण की रूप रेखा तैयार की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# योग धर्म नहीं विज्ञान है, इसमें शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विधान है



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 जून।** विश्व योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2024, को छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 229 वाहिनी मुख्यालय में श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट के दिशा-निर्देश में 10वां विश्व योग दिवस-2024 का आयोजन किया गया जिसमें श्री मुखत्यार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री आरची एंथोनी माहियो, द्वितीय कमाण अधिकारी, श्री राकेश चौधरी, उप कमाण्डेंट, श्री प्रकाश चन्द्र राय, सहायक कमाण्डेंट, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बटालियन के सभी बहादुर जवानों ने एक साथ एकत्रित होकर योगाभ्यास कियाविश्व योग दिवस के कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट-229 बटालियन के द्वारा उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि भारत वर्ष ही योग का सृजनकर्ता है और आज पुरे विश्व ने योग अपनाकर अपनी स्वस्थ जीवन शैली को एक नया आयाम दिया है। जिस पर हमें गर्व होना चाहिए और अपने एवं अपने परिवारजनों के स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए योगाभ्यास को भी अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे कि हम स्वयं को ही नहीं बल्कि अपने परिवाजनों को भी स्वस्थ्य जीवन शैली की ओर अग्रसर कर सकें ।

## रेत एवं चूना पत्थर का अवैध परिवहन खनिज विभाग ने किए 8 वाहन जब्त

रायगढ़, 22 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा गत दिवस निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के 3 हाइवा एवं चूनापत्थर के 5 वाहन इस प्रकार अवैध परिवहन के कुल 8 प्रकरण जप्त किया गया है। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध भण्डारण एवं खनिज रेत के अवैध उत्खनन के एक-एक प्रकरण दर्ज किए गए है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को थाना चक्रधरनगर एवं थाना पुसौर रायगढ़ में रखा गया है। उप संचालक खनिज ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश कुमार मित्तल, पप्पू बोंदा, दीपक सिंघल, थाना रोड रायगढ़, पूजा क्रेशर, टिमरलगा सारंगढ़ एवं मंगल स्टोर क्रेशर, बानीपाथर खरसिया से चूनापत्थर के कुल 5 वाहन तथा दिनेश यादव रायगढ़ से रेत परिवहन के 01 वाहन तथा बबलू बेहरा, चांटीपाली रायगढ़ से रेत के 2 वाहन जप्त किए गए है।

इसी तरह अवैध भण्डारणकर्ता नमो नारायण पटेल, उसरौट रायगढ़ तथा अवैध उत्खननकर्ता मुरली साव, कांदागढ़ रायगढ़ से खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर एक-एक प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (निकास और विनियमन)अधिनियम 1957 की धारा 1 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारण कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है और इस प्रकार के कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जाएगी।

## जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बीजापुर,22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पांडेय के मार्गदर्शन में संचालित जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में आयोजित बीजादूतीर कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ राज्य टीम के साथ-साथ छह अन्य राज्यों - केरल, झारखंड, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के बाल संरक्षण के राज्य स्तरीय अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बीजापुर जिले का निरीक्षण किया और भैरमगढ़ ब्लॉक के कोडोली स्थित किशोरी सशक्तिकरण केंद्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने शालात्यागी किशोरी बालिकाओं को दुकानदारी की शिक्षा देने के लिए %गिनती की लॉटरी% खेल के माध्यम से पैसे के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। इसके अतिरिक्त, बाल विवाह, बाल श्रम, नशा मुक्ति, किशोरावस्था में शारीरिक परिवर्तन और माहवारी स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर डेमो कॉल के माध्यम से सहायता तंत्र से जोड़ने का प्रयास भी किया गया, ताकि बालिकाएँ जान सकें कि उन्हें मदद की आवश्यकता होने पर किस प्रकार सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके पश्चात यूनिसेफ टीम द्वारा ग्राम पंचायत तुमनार में चल रहे सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। योग, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध पर गर्भवती महिलाओं के साथ चर्चा की गई, जिसमें गर्भवती महिलाओं ने अपने योग अभ्यास से हो रहे फायदों के बारे में बताया द्य प्राथमिक शाला तुमनार में शिक्षकों के साथ सामाजिक भावनात्मक कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई। सांप सीढ़ी और शम्मी डांस जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के अंतर्गत शिक्षक, पंच प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, मितानिन और ग्रामीणों के साथ सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण पर ÷आओ बात करें÷ कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने सामाजिक स्तर पर किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी और मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखने के उपाय बताए। अंत मे यूनिसेफ़ टीम द्वारा जिला कलेक्टर से मुलाकात कर कार्यक्रम के विषय मे अनुभव साझा कर आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने हेतु चर्चा किया गया । इस दौरान अन्य राज्यों के बाल संरक्षण विशेषज्ञों जैसे पश्चिम बंगाल से प्रतिमा नियोगी, तमिलनाडु से जी. कुमरेशम, केरल से हिमाली लेयवा, दिल्ली से ज्योति रविचंद्रन, जम्मू कश्मीर से नासिर खान जम्मू कश्मीर, प्रीती श्रीवास्तव झारखंड,चेतना देसाई रायपुर, स्नेहिल राठौर रायपुर,जागृति गर्ग राज्य समन्वयक , श्री मानस बेनर्जी सचिव, दानिश खातून राज्य समन्वयक, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री लूपेंद्र महिलांग ,श्री योगेश पुरोहित, बीजादूतीर जिला समन्वयक अशोक पांडेय, बाल संरक्षण जिला समन्वयक लेखिका साहू , ब्लॉक समन्वयक हर्षिता, भारत कारम, शिक्षक सरपंच, सचिव व बीजादूतीर स्वयमसेवक एवं 300 से अधिक ग्रामीण जन शामिल हुए।

## भोपालपटनम में मनाया गया बाल श्रम निषेध दिवस



**बीजापुर,22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के विकासखण्ड भोपालपटनम में बालश्रम निषेध अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार 20 जून 2024 से कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्जवल भविष्य बनाये, कार्यक्रम चलाने के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग को निर्देशित किया गया है।जिसके तहत श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा शहर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार, किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पांपलेट बाटते हुए दुकान, होटलों, ढाबों में जाकर निरीक्षण किये। श्रमिकों अथवा नौंकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है इसकी जानकारी ली गई , साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया। अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटलों एवं ढाबों, घरेलू कामगार, ईंट भट्टी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है यह जानकारी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई। इस दौरान संरक्षण अधिकारी श्री नवीन कुमार मिश्रा, श्री कल्याण निरीक्षक, श्री दानेश्वर साहू, श्री दशरत गोटा, श्री कुमा वंगा, श्री संदीप चिड़ेम, श्री राजकुमार निषाद, श्री राजेश मडे एवं श्री आत्रम धरमैया आउटरीच वर्कर उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा, दो पालियों में 9925 परीक्षार्थी एवं पीपीटी में 359 परीक्षार्थी होंगे शामिल



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 22 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून रविवार को छत्तीसगढ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजीटीईटी) की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जावेगी। प्रथम पाली की परीक्षा (एक से पांच तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए) प्रातः 10 से 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा (छः से आठ तक की कक्षाओं में अध्यापन के लिए) दोपहर 02 से 04.15 बजे तक आयोजित की गई है। साथ ही 23 जून को ही प्रथम पाली में प्रातः 09.00 बजे से 12.15 बजे तक पी.पी.टी. 2024 प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए गरियाबंद जिले में 23 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। प्रथम पाली छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 4164 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 5761 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार प्रथम पाली में पीपीटी प्रवेश परीक्षा में 359 परीक्षार्थी भाग लेंगे।परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा को नोडल अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री मुका राम नाग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर नियुक्त कर दिया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

**परीक्षार्थियां के लिए विशेष निर्देश** - परीक्षार्थी वर्ष 2024 को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2024 का ही प्रवेश पत्र इंटरनेट से निकालकर लाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसमें एक परीक्षार्थी के लिए व एक व्यापम की प्रति होती है। परीक्षा हाल में दोनों प्रति साथ लायेंगे। परीक्षार्थी अपना-अपना परीक्षा केन्द्र निर्धारित समय से पूर्व पहुंचे। परीक्षार्थी स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेस की मूल प्रति साथ लाने के निर्देश दिये है। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी एवं कंपास या पाउच लाना लाना वर्जित है।

## परीक्षा केन्द्रों में अवांछित वस्तु को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

**गरियाबंद, 22 जून।** कल होने वाले टी.ई.टी.एवं पी.पी.टी. परीक्षा की तैयारियां पुरी तरह से प्रशासन ने कर ली है, जिसमें 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे इस बार विशेष रूप से यह देखा जा रहा है की नकल और अवांछित वस्तुओं का उपयोग और प्रयोग ना हो जिससे परीक्षा प्रभावित हो इसे देखते हुए 80 से अधिक विभिन्न नोडल अधिकारीयो की नियुक्ति की गई है।आज डिप्टी कलेक्टर आर के गोलछा एवं वरिष्ठ अध्यापक सी एल तारक ने सभी नोडल अधिकारीयो को प्रशिक्षण दिया ।प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इस बार की परीक्षा में अधिक सतर्कता बरतते हुए विशेष ख्याल या रखा जाए कि परीक्षा हाल मे कहीं भी किसी भी किस्म की अवांछित वस्तुओ का प्रवेश न हो और न ही अवांछित तत्वों का हस्तक्षेप हो इसे देखते हुए आज गरियाबंद में 23 नोडल ऑब्जर्वर 23 सामवय ऑब्जर्वर तथा 23 केंद्र अधिक्षक के साथ विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए । नोडल अधिकारियों को बतलाया की परीक्षा में विशेष रूप से सतर्कता बरतता जाये समय सारणी का विशेष ध्यान रखें छात्र-छात्राएं अपने साथ निर्धारित पहचान पत्र लेकर आए दोनो परिक्षाये समय पर प्रारंभ हो और समय पर ही खत्म हो तथा इस बार एक विशेष बात यह भी देखी गई है कि शासन प्रशासन की ओर से एक स्टीकर की भी व्यवस्था की गई है अगर ओ.एम.आर. शीट पर कोई छात्र या छात्राऐ गलती से गलत रोल नंबर या गलत उल्लेख कर दे तो भी व्यायाम को स्टीकर की मदद से तत्काल पहचान में आ जाएंगे ऐसी स्थिति में इस बार प्रशासन पूरी सजकता और सतँक्ता के साथ परीक्षा की तैयारी में जुड़ गया है कल होने वाले इस परीक्षा में 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेगीँ तथा अपने भविष्य को सवारेंगे विशेष रूप से प्रशासन इस बार नकल और अवांछित वस्तुओं का उपयोग और प्रयोग ना हो इस फर विशेष नजर रखेगी जिसके लिए जिले में प्रशासन ने पुरी तैयारी कर रखी है

**टीईटी एवं पीपीटी की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने 80 से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण**

## न्यायालय परिसर बीजापुर में आयोजित हुआ योगाभ्यास

**बीजापुर,22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एवं श्री विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा, जिला.द0ब0दंतेवाड़ा (छ0ग0) के मार्गदर्शन में श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0) द्वारा 21 जून 2024 को ÷अंतर्राष्टीय योग दिवस÷ के अवसर पर न्यायालय परिसर बीजापुर में योग का आयोजन किया गया।ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ0ग0) द्वारा अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को योगा कार्यक्रम के दौरान योगा के विभिन्न आसन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भस्त्रीका कराया, भुजंग आसन, मतस्य आसन, शवासन इत्यादि कराया गया। साथ ही साथ योगा के माध्यम से निरोग एवं सात्विक जीवन जीने हेतु कर्मचारीगण को प्रतिदिन योगा करने के लिए प्रेरित किया गया।अंतर्राष्टीय योग दिवस में व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारीगण श्री पीताम्बर सिंह मण्डावी (प्रस्तुतकार), श्री शिवशंकर तोगर (स्टेनोग्राफर), श्री गौरैया गोटा (निष्पादन लिपिक), श्री कमल ठाकुर (नायब नाजिर) श्री सुरजीत कोरम (सहायक ग्रेड-3), श्री बिरेन्द्र कुमार कुआर्य (सेल अमीन), श्री सुनील कुमार मौर्य (वाहन चालक), श्री विरेन्द्र भास्कर (भृत्य) एवं श्री डोमेन्द्र कुमार साहू (कोर्ट मोहर्रिर) भी उपस्थित रहे हैं।



### खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खेल और युवा कल्याण विभाग की ली समीक्षा बैठक

# खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने व प्रस्तावित योजनाओं की रूपरेखा पर की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 22 जून।** राज्य के खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने मंत्रालय में खेल और युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की. इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को राज्य में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए. इस बैठक में विभाग की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण किया गया और आगामी प्रस्तावित क्रियाकलापों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई.

### खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और गतिविधियों का विस्तार

बैठक के दौरान, वर्मा ने राज्य के मौजूदा खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के रख-रखाव और विस्तार पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने खेल गतिविधियों और युवाओं में रचनात्मक क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने हेतु 5 वर्ष की सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया. वर्मा ने छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना और मुख्यमंत्री युवा रत्न पुरस्कार की सुदृढ़ और पारदर्शी योजना पर इस सत्र से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए.



### उत्कृष्ट खिलाड़ी अलंकरण और खेलो इंडिया योजना

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्कृष्ट खिलाड़ी अलंकरण के शेष वर्षों के पुरस्कारों की घोषणा भी शीघ्र की जाएगी. केंद्र शासन की खेलो इंडिया योजना के तहत प्राप्त वर्तमान बजट के साथ-साथ नवीन जिलों और नवीन खेलों के विकास हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने की प्रक्रिया भी प्रचलन में है.

### लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान से संबद्धता

मंत्री टंकराम वर्मा ने मध्य प्रदेश में स्थापित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान से संबद्धता प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में भी इकाई महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए केंद्र स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए. उन्होंने राज्य के लोकप्रिय और परंपरागत खेलों के संरक्षण, प्रोत्साहन और सुविधाओं हेतु पृथक से कार्य योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया.

### रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया और तदर्थ नियुक्तियां

खेल मंत्री ने विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेज करने और शीघ्र रिक्तियों को भरने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया तक तदर्थ रूप से संविदा नियुक्तियां, विशेषकर कोचेस हेतु विचार किया जाए. विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नतियों, वेतनवृद्धि, समयमान वेतनमान, और जांच प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए.

### वेबसाइट अद्यतन और समीक्षा बैठक

अंत में, वर्मा ने विभागीय वेबसाइट को अद्यतन करते हुए उपयोग योग्य बनाने के निर्देश भी दिए. समीक्षा बैठक में विभागीय सचिव हिमशिखर गुप्ता, संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा, संचालक तनुजा सलाम और मंत्रालय तथा संचालनालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे.

## समाचार संक्षेप

### तिल्दा-नेवरा में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**तिल्दा-नेवरा, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में शासकीय कार्यलयो सहित सार्वजनिक स्थानों पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष लमीक्षा गुरु पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित कर्मचारियों ने योग दिवस पर कार्यक्रम किया जिसमे नागरिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया इस तरह शमुदायक स्वास्थ्य केंद्र में चिकतको ओर कर्मचारियों ने भी कार्यकर्म आयोजित योग दिवस मनाया नगर के सार्वजनिक जगहों पर भी योग दिवस पर आयोजन किया गया। सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूल सहित महाविद्यालय हाई स्कूल और गांव गांव में योग दिवस योग किया गया।

### समाज कल्याण विभाग कार्यालय में दिव्यांगों को बांटे गए बायोनिक हैण्ड, कलेक्टर ने दी बधाई



**बालोद, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 18 जून को उप संचालक समाज कल्याण विभाग कार्यालय सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में जिले के चार दिव्यांगों को बायोनिक हैण्ड का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश एवं जिले के दिव्यांगों को पहली बार अत्याधुनिक बायोनिक हैण्ड का वितरण किया गया है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला निवासी मोहित कुमार एवं ग्राम सतमरा निवासी षटानंद ठाकुर, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी निवासी तीजूराम साहू तथा बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसोदा निवासी उधोराम साहू को बायोनिक हैण्ड प्रदान किया। इसके अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फ्फदरफोड़ के दिव्यांग योगेश कुमार खरे को भी बायोनिक हैण्ड प्रदान किया जाएगा। वे उस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित नही हो पाए थे।

## एक नजर

### हेमसागर सिदार ने किया एएसपी बलौदाबाजार का पदभार ग्रहण

**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 21 जून को हेमसागर सिदार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के रूप में पदभार ग्रहण किया। हेमसागर सिदार वर्ष 2013 बैच के पुलिस अधिकारी हैं तथा इससे पहले वे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डायल-112 जिला रायपुर के पद पर पदस्थ थे। हेमसागर सिदार पूर्व में भी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक के रूप में जिले के थाना भाटापारा ग्रामीण एवं गिधौरी थाना में पदस्थ रह चुके हैं।



### राज्य खेल अलंकरण के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल संघों से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाईट मनी के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित की गई है। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रारूप मय विज्ञापन विभाग की वेबसाईट http://sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

### 45 बल्क लीटर विदेशी मदिरा सहित नैनो कार जब्त



**बलौदाबाजार, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 19 जून को गस्त के दौरान बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम नयापारा तिराहा में आरोपियों के टाटा नैनो कार क्रमांक सीजी 09 1029 की तलाशी लेने पर 5 खाकी रंग की पेटियों में रखे 50-50 नग प्रत्येक क्षमता 180 एम.एल. कुल मात्रा 45.00 बल्क लीटर विदेशी मदिरा व्हिस्की (मध्यप्रदेश निर्मित) आरोपियों से जप्त कर आबकारी विभाग द्वारा जब्त किया गया है। आरोपी रितेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम लटुवा एवं सुशील कसेर निवासी लोहियानगर बलौदाबाजार के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36, 34(2), 59(क) का प्रकरण आबकारी वृत बलौदाबाजार में कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक जलेश कुमार सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, लेखराम देशमुख, नगर सैनिक शीतल यादव, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के द्वारा दी गई है।

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर करें कड़ी कार्रवाई : जायसवाल

### बारनावापारा अभयारण्य उत्कृष्ट पर्यटन केंद्र के रूप में होगा विकसित

- जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक
- मछली पालन को बढ़ावा देने चलेगा जल से आजीविका अभियान
- सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा जल्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 22 जून।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की पहली समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के मामले को गंभीरता से लेते हुए इस पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में रेत खदान नही है उन क्षेत्रों के लोगों को अपने निजी उपयोग के लिए ट्रैक्टर में रेत ले जाने में प्रबंधित न किया जाय लेकिन रेत खदान से व्यवसायिक रूप से अवैध तरीके से उत्खनन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। अवैध रेत उत्खनन में लगे चैन माउंटेन एवं परिवहन कर रहें वाहनो पर जब्ती की कार्यवाही करें। उन्होने खनिज विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि व्यवसयिक रूप से रेत के अवैध उत्खनन करने वालों पर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगामी बारिश में मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा बाढ़ प्रभावित गांवो में दवाई एवं अन्य प्राथमिक ईलाज की सुविधाएँ व्यवस्थित करने के निर्देश दिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। मलेरिया एवं सिकलसेल की नियमित जांच एवं मलेरिया प्रभावित गांवो में मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण कराने कहा। बारिश में शहरों में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नालियों की साफ -सफाई तेजी से कराने के भी निर्देश दिए।

**बारनवापारा अभयारण्य उत्कृष्ट पर्यटन केंद्र के रूप में होगी विकसित:** प्रभारी मंत्री जायसवाल ने बारनवापरा अभयारण्य को प्रदेश का उत्कृष्ट पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए. उन्होने कहा कि अभयारण्य में अन्य सुविधाओं के साथ बोटिंग एवं सेल्फी जोन का भी आकर्षण हो। प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए जलाशय में उपयुक्त जलभराव की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा की बारनवापरा अभयारण्य राजधानी एवं न्यायधानी के नजदीक होने तथा अवगमन की सुविधा होने से पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होगी।

**मछली पालन को बढ़ावा देने चलेगा जल से आजीविका अभियान:** प्रभारी मंत्री ने वृहद स्तर पर किसानों को मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिले में जल से आजीविका अभियान शुरू करने कहा। अभियान के लिए मछली पालन विभाग के अधिकारियों को इच्छुक किसानों का चिन्हांकन कर निःशुल्क अच्छे गुणवत्ता के स्पान एवं फीडिंग्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की मछली पालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें बहुत ही सीमित संसाधन और कम समय में अधिक फायदा लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता किसानों, युवाओं और महिलाओं को रोजागर -स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। उन्होने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप गौअभयारण्य के लिए स्थल चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। इसीप्रकार जिले को हरा -भरा बनाने के लिए वृहद वृक्षारोपण करने तथा स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रों एवं अस्पतालों में फलदार एवं फूलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए.

**सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा जल्द :** जिले में संचालित करीब 30 निजी अस्पतालों में से 13 अस्पताल ही आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ईलाज के लिए इम्पैनल्ड होने पर प्रभारी मंत्री ने सभी निजी अस्पतालों को इम्पैनल्ड कर गरीबों को निःशुल्क ईलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होने जिला अस्पताल के एम्बुलेंस 108 एवं 102 को प्राथमिकता से जिला अस्पताल के मरीजों को ही रिफरल केस में अन्य अस्पताल ले जाने कहा. उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस की मॉनिटरिंग अब जीपीएस सिस्टम से होगी जिससे एम्बुलेंस की लाईव लोकेशन का पता चल जाएगा।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा समय -सीमा में कार्य पूरा करें। उन्होने प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव डॉ.सनम जाँगड़े, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# नियमित योग से विचारों में आएगी पवित्रता : योगविद धनंजय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 जून।** जेल महानिदेशक जेल मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला जेल परिसर गरियाबंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, जिला योग प्रचारक गणेश आजाद, योगाचार्य भागवत साहू द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार मंत्र उच्चारण के साथ शिथिलीकरण अंतर्गत ग्रीवा चालन, स्कंध खिंचाव, स्कंध चालन, कटिशक्ति विकासक, घुटना संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले दंडासन, वक्रासन, भद्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शसकासन, उत्तान मंडूकासन, वज्रासन, मरीच्यासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, पीठ के बल किए जाने वाले सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का सूक्ष्मता के साथ अभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि आत्म नियंत्रण का श्रेष्ठ और सशक्त माध्यम योग है। नियमित योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। स्वच्छ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में सेवा दे रहे योग प्रचारक गणेश आजाद ने कहा कि योग, जन कल्याण का अनूठा मार्ग है। आत्मशुद्धि हेतु नियमित योग करें। नियमित योग, अपने इष्ट की भक्ति के समान है जिसका पुण्य फल अवश्य प्राप्त होता है। जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा ने योगाभ्यास हेतु योगाचार्यो का धन्यवाद ज्ञापित किया। जेल मास्टर कुंजलाल सिन्हा, जेल अधीक्षक हितेंद्र सिंह ठाकुर, जेल प्रहरी भरत दीवान, कमल ध्रुव, अरुण पैकरा, अर्जुन ठाकुर, मनकेश्वर सिंह ठाकुर सहित समस्त बंदियों ने योगाभ्यास का लाभ लिया।


### छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र गुम हो जाने की सूचना

मैं कुमारी लक्ष्मी चौधरी पिता विजय चौधरी पति धर्मेंद्र रामटेके उम्र 30 वर्ष निवासी पुर्रामटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की रहने वाली हूं ।मेरे घर में कहीं छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर प्रमाण पत्र गुम हो गया है जिसे आसपास बहुत खोजबीन की कहीं पता नहीं चला। जिसकी पुलिस थाना छुरिया में गुम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हूं।

प्रार्थी
नाम- लक्ष्मी चौधरी
पिता- विजय चौधरी
पति- धर्मेंद्र रामटेके
ग्राम- पुर्रामटोला
तहसील/विकासखण्ड-छुरिया,
जिला राजनांदगांव छ.ग.

### नाम परिवर्तन

मैं सुनील कुमार जैन पिता बंशी लाल जैन उम्र 60 वर्ष जाति-जैन वार्ड नं. 04 टेब्लर सीड एकलव्य नगर दल्ली राजहरा तहसील डौण्डी जिला-बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरा नाम पासपोर्ट विभाग में सुनील कुमार पिता बंसीलाल (SUNIL KUMAR S/O BANSILAL) है।

अन्य समस्त रिकार्ड जैसे मेरे आधार कार्ड क्र. 507577203908 सुनील कुमार जैन पिता बंशी लाल जैन (SUNIL KUMAR JAIN S/O BANSHI LAL JAIN) है जो कि सत्य एवं सही है।

सुनील कुमार (SUNIL KUMAR S/O BANSILAL) एवं सुनील कुमार जैन (SUNIL KUMAR JAIN S/O BANSHI LAL JAIN) उपरोक्त दोनों ही नाम मेरे स्वयं का है अर्थात एक ही व्यक्ति का है, जो कि सत्य एवं सही है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। उपरोक्त जानकारी गलत पायी तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी। मुझे पासपोर्ट विभाग समक्ष प्रस्तुत करने के लिये इस प्रकार की शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।

सुनील कुमार जैन

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### ज्ञापन

क्रमांक 1543/प्र-1/अ.वि.अ/2024
डोंगरगढ़, दिनांक 21/06/2024

प्रति,
श्रीमती शैलेन्द्री जोशी,
सरपंच ग्राम पंचायत नारायणगढ़
द्वाराः- तहसीलदार, लाल बहादुर नगर
विषयः- पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के अंतर्गत कारण बताओं नोटिस।
संदर्भः- कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगढ़ का पत्र क्रमांक/5054/ज.प./2024 डोंगरगढ़ दिनांक 12.01.2024।

1. संदर्भित जांच प्रतिवेदन के अनुसार, ग्राम की शासकीय भूमि खसरा नंबर 1148 में से 0.6 एकड़ पर श्रीमती मिलन्तीन बाई के अतिक्रमण के मामले को वापस लेने के विषय में सहमति दी गई है। यह सहमति शासकीय भूमि के अनुरक्षण के विरुद्ध है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 56 में ग्राम पंचायत को शासकीय भूमि से बाधा या अतिक्रमण हटाने हेतु शक्ति एवं कर्तव्य दिए गए हैं। अधिनियम, 1993 की धारा 49 (8) में भी उक्त कर्तव्य है।
2. संदर्भित जांच प्रतिवेदन के अनुसार, श्रीमती मिलन्तीन बाई सिंह की निजी भूमि खसरा नंबर 1145/4 रकबा 1.11 एकड़ में से 0.61 एकड़ का विधिवत शासन के पक्ष में स्वत्व घोषित कराए बिना, बाजार क्षेत्र में मुरमीकरण के नाम पर 180000 रुपए का भुगतान किया गया है। ग्राम पंचायत की संपत्ति का इस प्रकार निजी भूमि पर उपयोग किया जाना उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 49 (15) में ग्राम पंचायत की संपत्ति के अनुरक्षण का कर्तव्य उल्लेखित है एवं धारा 89 में धन या अन्य संपत्ति के दुरुपयोजन के लिए व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित किया गया है।
3. उपरोक्त से स्पष्ट प्रतीत होता है कि आपने छत्तीसगढ़, पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 49(8), 49 (15), 56 एवं 89 के प्रावधानों में निहित कर्तव्यों की घोर उपेक्षा की है। यह उपेक्षा धारा 40 के अंतर्गत अवचार की श्रेणी में आता है एवं लोकहित में अवांछनीय है। अतः कारण स्पष्ट करें कि क्यों ना आपको पंचायत के सरपंच पद से हटाया जाए। 10 दिवस की समयावधि के भीतर संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी, (रा.)
डोंगरगढ़

### कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

**निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2024/36/ भिलाई, दिनांक 20/06/24

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑफलाईन (ofline) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | आवेदन दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड-05 एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा पृथक्करण शेड का संधारण कार्य। | 4.00 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |
| 2. | वार्ड-07 राधिका नगर एस.एल.आर.एम. सेंटर में शेड संधारण एवं पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 2.57 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |
| 3. | वार्ड-06 नेहरू नगर 11वीं बटालियन के सामने एवं वार्ड-9 पीलि मिट्टी एस.एल.आर.एम. सेंटर में शेड संधारण कार्य। | 2.76 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |
| 4. | वार्ड-01 खम्हरिया एस.एल.आर.एम. सेंटर में शेड संधारण कार्य। | 2.11 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |
| 5. | वार्ड-07 राधिका नगर गणेशमंच के पीछे सी.सी. रोड संधारण कार्य। | 2.03 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |
| 6. | पार्षद निधि से वार्ड-13 हगरी तालाब किनारे हनुमान मंदिर के समीप हैण्डपंप हेतु बोर खनन कार्य। | 1.15 | 05.07.2024 | 11.07.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन-01
नगर पालिक निगम, भिलाई


### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर लिया जायजा, मरीजों से की मुलाकात

# एक माह में बर्न यूनिट प्रारंभ करने के दिए निर्देश, हॉस्पिटल की साफ-सफाई की प्रशंसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 जून।** जिला प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह ओपीडी के समय जिला हॉस्पिटल में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पूरे हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं चेकअप कराने आये मरीज़ो से बातचीत कर उनका हाल चाल जाना एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल किया। इस दौरान जायसवाल ने जिला अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करने एवं एमआरआई जांच मशीन लगाने का प्रस्ताव संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें में प्रेषित करने के निर्देश प्रशासन को दिए है। निर्माणधीन बर्न यूनिट की कार्य 1 माह में पूर्ण कर शीघ्र ही प्रारंभ करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। भर्ती हुए मरीज ग्राम परसाभदेर निवासी बेनीबाई से मंत्री ने पूछा कि कब से भर्ती हो एवं खाना मिलता है कि नही जिस पर उसके परीजनों ने बताया कि बेनीबाई कल शाम से सांस लेने में हो रहे दिक्कतों चलते भर्ती हुई है एवं हमें समय पर खाना मिला है।



इसी तरह ग्राम भवानीपुर से आये मरीज श्यामबाई वर्मा नेत्र जांच के लिए पहुंचे थे मंत्री ने उनसे भी आने का कारण पुछते हुए उनके हाल-चाल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उल्टी दस्त के मरीज भी मिले जिस पर मंत्री ने सभी डॉक्टरों को बरसात के मौसम में सतर्क रहने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सीएचएमओ को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने एवं निचले के अमले को सक्रीय करने के निर्देश दिए है। मंत्री जायसवाल ने इस दौरान ओपीडी, मेडिकल स्टोर, आपात कालीन वार्ड, मेल वार्ड, आयुष विंग, स्टोर, फिजियोथेरेपी, नेत्र वार्ड, हमर लैब, ब्लड बैंक, आरटीपीसीआर, लैब, एमसीएच सहित अन्य कक्षो का भी मुयाना किया। उन्होंने हॉस्पिटल मे संचालित डायलिसिस यूनिट एवं सिटी स्कैन मशीन का भी अवलोकन किया। साथ ही समय में बाथरूमों की नियमित साफसफाई पर जोर देने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए है।

## एक नजर

### कारोबारी से 7 लाख की उठाईगिरी

**रायपुर 22 जून।** राजधानी रायपुर के तिल्दा इलाके में कारोबारी उठाईगिरी का शिकार हुआ है। जानकारी अनुसार, तिल्दा ब्रिज के पास शौच करने रुके ठेकेदार बाइक पर 7 लाख रुपए नगदी से भरा बैग रखा था जिसे मौका पाकर 2 अज्ञात बाइक सवार बैग लेकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस CCTV के फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है बता दें कि कुंदरु गांव निवासी ठेकेदार राधेश्याम साहू के साथ यहां घटना हुई है। वही सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। आने जाने वाले रास्तों में लगे CCTVके फुटेज को खंगाले जा रहे है। घटना की रिपोर्ट तिल्दा थाना में की गई है।

### छत्तीसगढ़ के 5 विश्वविद्यालय डिफाल्टर घोषित

**रायपुर 22 जून।** यूजीसी ने लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर देशभर के 108 राज्य विश्वविद्यालय, 47 निजी विश्वविद्यालय और दो डीम्ड विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है. इसमें छत्तीसगढ़ के पांच विश्वविद्यालय शामिल हैं. सभी विश्वविद्यालय को यूजीसी के नियमों के अनुसार छात्रों की शिकायतों का निराकरण करने एक लोकपाल नियुक्त करना है. यूजीसी ने इससे पहले भी डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची जारी कर चुका है. जून में अपडेट कर दोबारा सूची जारी की है. सूची में प्रदेश के आयुष एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी आफ छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी उद्यानिकी एंड वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा दुर्ग, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय दुर्ग को डिफाल्टर घोषित किया गया है. इसके पहले जो सूची जारी की गई थी, उसमें भी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का नाम था. जारी सूची में यूजीसी ने ईमेल आईडी जारी कर निर्देश दिया है कि जो विश्वविद्यालय लोकपाल नियुक्त कर चुके हैं अथवा बाद में करेंगे तो ईमेल के जरिए लोकपालों की जानकारी साझा कर सकते हैं.

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 22 जून ।** बजाज कालोनी सेक्टर 2 स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 4 लाख 72 हजार रुपए, सोने का टॉप्स और 2 नग मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र कुमार सोनी 60 वर्ष बजाज कालोनी सेक्टर 2 का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी 20 जून को अपने परिवार के साथ बाहर गया था। तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलामारी में रखे नकदी 4 लाख 72 हजार रुपए, सोने का टॉप्स और 2 नग मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 5 लाख 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रायपुर में हुआ दुबई 100 एक्सपो का आयोजन



**रायपुर, 22 जून।** सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता का एक भव्य उत्सव, दुबई 100 एक्सपो ने राजधानी रायपुर में शानदार शुरुआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए वीआईपी क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोगों और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे। इस आयोजन ने मनोरंजन, नेटवर्किंग और बेजोड़ निवेश अवसरों के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया। दुबई के प्रमुख बिल्डर्स ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अपनी रचनात्मक अवधारणाओं को दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया।

# अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रायपुर, 22 जून।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं उनके टीम दने आज महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का भी ध्यान रखें।

अपर मुख्य सचिव एवं उनके टीम द्वारा सर्वप्रथम सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर दवाईयों के रखरखाव व उपलब्धता हेतु इंडेट की जानकारी ली गई। ड्रग वेयर हाउस के साईनेज बोर्ड प्रदर्शित करने, रंग रोगन करने एवं विभिन्न दवाईयों व सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा परिसर की उचित साफ-सफाई रखने तथा दवाईयों के वितरण में नियर एक्यपायरी दवाईयों का पहले वितरित किया जावे तथा वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य कार्यालय को अवगत कराते हेतु निर्देशित किया गया।

अपर मुख्य सचिव ने उसके उपरांत ग्राम कोहरी का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ पर मितानीन श्रीमती डोमेश्वरी चक्रवती से भेंट किया गया, उनके घर के सामने नेम प्लेट प्रदर्शित पाया गया है, जिसमें मोबाईल नम्बर भी अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उनकी मितानीन दवाई पेटी का निरीक्षण किया गया तथा तथा मितानीन दीदी से ग्राम की जनसंख्या, समस्त का स्वास्थ्य जाँच,



सिकलिन जॉच एवं ग्राम में किसी प्रकार की अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जानकारी ली गई।

तदुपरांत अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झलप वि.ख. महासमुन्द का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर ऑनलाईन ओपीडी पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। लैब टेस्ट, दवाईयों की उपलब्धता, एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव व आईपीडी की जानकारी ली गई। संस्था के नेत्र सहायक अधिकारी से उक्त क्षेत्र में स्कूलों में किये गये नेत्र जाँच तथा निःशुल्क चश्मा वितरण की जानकारी ली गई। आईपीडी के विरूध्द शत् प्रतिशत् आयुष्मान क्लेम करने तथा विगत वर्ष आयुष्मान क्लेम से प्राप्त राशि एवं इस वर्ष उक्त राशि में वृध्दि आदि की जानकारी लेते हुए मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।

इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) टेका वि.ख. पिथौरा का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) से स्वास्थ्य सुविधाओं व उपलब्ध दवाईयों तथा गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाले सुविधाओं की जानकारी लेते उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सूची बोर्ड में प्रदर्शित करते हुए उनका नियमित फॉलोअप करने हेतु निर्देशित किया गया।

अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झलप एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र टेका को हब्स हेतु तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना का निरीक्षण किया गया, उक्त संस्था के एक्स-रे कक्ष, ओपीडी आईपीडी कक्ष एवं लैब आदि का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना में पोषण पुर्नवास केन्द्र प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव भेजने तथा सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सीएमएचओ महासमुन्द को दिया गया। आईपीडी के विरूध्द शत् प्रतिशत् आयुष्मान क्लेम करने हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई।

## कार्यशाला में दी गई कानून में बदलाव की जानकारी

**रायपुर 22 जून।** देश में 01 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में पुलिस व कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के तौर पर शामिल हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के प्रो. अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, प्रशिक्षु आई.ए.एस. सुश्री अनुपमा आनंद सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी व पुलिस के विवेचनाधिकारी भी इस कार्यशाला में शामिल हुए।

नए आपराधिक कानून सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के को-ऑर्डिनेटर प्रो. अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता-23 में पूर्व प्रचलित धाराओं व सजा प्रावधानों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा-302 अब नए कानून के अनुसार धारा-103 के रूप में दर्ज होंगे। गैंगरेप पर धारा-376(डी) की जगह अब नई संहिता के तहत धारा-70(1) के तहत अपराध दर्ज होगा। इसी तरह बलात्कार, जो कि भा.द.वि. के तहत धारा-376(3) के तहत दर्ज होता था, वह अब भारतीय न्याय संहिता में धारा-65(1) के तहत अपराध माना जाएगा। चोरी धारा-378 की जगह अब धारा-303(1) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा। डकैती पर अब धारा-310(1), लूट पर अब धारा-309 के तहत अपराध दर्ज होगा।




## आरंग मामले को लेकर मुस्लिम समाज ने निकाली रैली

**रायपुर 22 जून।** मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने आरंग मामले को लेकर हुसैनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब राहिल रऊफी के नेतृत्व में मार्च निकाला। रऊफी ने कहा की एस आई टी आरंग कांड में केवल खाना पूर्ति कर रही है आज 13 दिन हो गया है आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर रही है ना ही हत्या की धारा जोड़ रही है। ये छत्तीसगढ़ की सबसे कलंकित घटना घटी है। आरंग थाना क्षेत्र में जिसमें तीन लोगों की हत्या कर दी जाती है। खुलेआम दिनदहाड़े रास्ता रोक के और आरंग पुलीस इनको गिरफ्तार करती है और राजनीतिक दबाव के चलते छोड़ देती है, मुस्लिम समाज लगातार ज्ञापन सभी अधिकारियों गृहमंत्री राज्यपाल को दिए लेकिन कार्रवाई नही हुई।



## रायपुर को महानगरपालिका बनाएं: कन्हैया

**रायपुर 22 जून ।** सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेश जैन,शरद गुप्ता ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंप कर प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर को महानगर पालिका का दर्जा देने या निगम को तीन भागों में विभक्त करके छोटे-छोटे निगम बनाने की मांग की है । सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने रायपुर के समुचित विकास के लिए छोटे-छोटे जिलों की तरह नगर निगम रायपुर को भी नए क्षेत्रों को जोड़ते हुए तीन नगर निगम में विभाजित किए जाने की मांग की है । रायपुर नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी लगभग 20 लाख हो चुकी है । प्रदेश की राजधानी को देश के अन्य महानगरों की तरह विकसित करने रायपुर नगर निगम को महानगर पालिका बनाने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजना चाहिए ।

# राशन कार्डों का नवीनीकरण के साथ वितरण शुरू


- कार्ड में मोदी, साय और बघेल की फोटो
- पार्षदों ने की नागरिकों से कार्ड लेने की अपील

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 22 जून।** राज्य शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा नए राशन कार्ड बनाए गए हैं जिनका वितरण अब वार्डवार शुरू हो गया है। इस कार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री की फोटो है। खाद्यान्न में कटौती को लेकर लोगों में रोष है।

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में राशन कार्ड बनाने की कवायद चल रही है। नई सरकार ने अलग-अलग रंगों के राशन कार्ड बनाए हैं। राशन कार्ड में कितना खाद्यान्न दिया जाएगा यह कुल यूनिट पर निर्भर होगा। पहले प्रत्येक राशन कार्ड में 35 किलो चावल मिलता था जिसे अब घटाकर प्रत्येक यूनिट में 5 किलो दिए जाना प्रस्तावित है। पहले भी कार्डधारियों के सदस्यों का केवाईसी कराया गया था। जिसको लेकर लोगों में रोष है। हर साल नई प्रक्रिया अपनाई जाती है। इधर राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने का भी प्रावधान कर दिया गया है जिससे लोगों को परेशान होना पड़ा था। लेकिन सरकार के नए-नए निर्देशों के कारण काफी परेशानी हो रही है।

राशन कार्ड के आधार पर ही स्वास्थ्य विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिलता है। समाज में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले और उच्च वर्ग के लोग अपना कार्ड बनवा लेते हैं लेकिन आम लोग परेशान होते रहते हैं। पूरे राज्य में 60 लाख से अधिक राशन कार्ड बनाए गए हैं। राजधानी के 70 वार्डों में इसका वितरण शुरू हो गया है। सभी पार्षदों ने अपने-अपने मोहल्ले में नागरिकों से अपील की है कि वे नया राशन कार्ड लेकर खाद्यान्न उठाए। सरकार द्वारा अनिवार्य खाद्यान्न योजना के तहत समाज के अलग-अलग वर्गों को चावल दिया जाता है। भारत सरकार के अंत्योदय योजना के तहत 35 किलो चावल गरीबों को दिया जाता है। इस योजना में चावल घोटाले की शिकायत आने के पश्चात जांच के आदेश दिए गए हैं लेकिन अभी जांच रिपोर्ट पेश नहीं की गई है। निगम के अधिकारियों के अनुसार जिन कार्डों का नवीनीकरण हो गया है उसका वितरण किया जा रहा है। राशन कार्डो का केवायसी के साथ वितरण किया जाएगा। राशन दुकानदारों को कार्ड का वितरण एवं नवीनीकरण का अधिकार दिया गया है अधिकारियों के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे वालों को कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। एपीएल वालों को 10 रूपये शुल्क देना पड़ेगा।




# कैट व चेंबर ने लगाया योग शिविर

**रायपुर 22 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैट प्रदेश कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया । हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि आज के भागमभाग और तनाव भरी जिदंगी एवं अनियमित दिनचर्या के कारण चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, बी.पी. शुगर जैसी अन्य कई बीमारियों का हमे सामना करना पड़ता है। ऐसे में योग के द्वारा इन बीमारियों को दूर किया जा सकता है। योग से शरीर स्वास्थ रहता साथ ही हमें भी ऊर्जा मिलती है, योग का अभ्यास खाली पेट , हवादार स्थान व ढीले वस्त्रों में ही करें, हमें प्रतिदिन 1 घंटे कम से कम योग करना चाहिए।



मुख्य रूप प्राणायाम योग व ध्यान लगाना चाहिए। हमें प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करना चाहिए। योग करने करने व्यक्ति निरोग रहता है। यह एक प्राकृतिक चिकित्सा है। योग का अभ्यास अपनी क्षमता के अनुसार करना चाहिए। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 20 जून 2024 को चेम्बर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने योग से जुड़ी साधनाओं, आसनों तथा योग की बारीकियों को विस्तार से बताया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26